वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 95, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 29 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## असम को पीएम की सौगातः असम में कैंसर अस्पताल से पूर्वोत्तर सहित दक्षिण एशिया में बढ़ेगी स्वास्थ्य देखभाल क्षमता : प्रधानमंत्री मोदी

# 'पूर्वोत्तर में शांति स्थापना की कोशिशें जारी'






**दीफू/नई दिल्ली/डिब्रूगढ़:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि असम में कैंसर अस्पताल पूर्वोत्तर के साथ-साथ दक्षिण एशिया में स्वास्थ्य देखभाल क्षमता में वृद्धि करेंगे। पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक समय था जब सात साल में एक अस्पताल खोलना बड़ी उपलब्धि माना जाता था। आज एक राज्य में एक ही दिन में सात अस्पताल खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री आज डिब्रूगढ़ के खानीकर मैदान में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने यहां छह कैंसर अस्पताल राष्ट्र को समर्पित किये और सात नए कैंसर अस्पतालों की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य और मेडिकल शिक्षा क्षेत्र में किये गये कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि साल 2014 से पहले देश में सिर्फ 7 एम्स थे। इसमें से भी एक दिल्ली वाले को छोड़ दें तो कहीं एमबीबीएस की पढ़ाई नहीं होती थी, कहीं ओपीडी नहीं लगती थी, कुछ अधूरे बने थे। हमने इन सभी को सुधारा और देश में 16 नए एम्स घोषित किए। एम्स गुवाहाटी भी इन्हीं में से एक है। उन्होंने कहा कि बीते सात साल में एमबीबीएस और पीजी के लिए 70 हजार से ज्यादा नई सीटें जुड़ी हैं। सरकार ने 5 लाख से ज्यादा आयुष डॉक्टर्स को भी एलोपैथिक डॉक्टरों के बराबर माना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम ही नहीं नॉर्थ ईस्ट में कैंसर एक बहुत बड़ी समस्या रही है। इससे सबसे अधिक गरीब और मध्यम वर्ग प्रभावित होता है। कैंसर के इलाज के लिए कुछ साल पहले तक यहां के मरीजों को बड़े-बड़े शहरों में जाना पड़ता था। इस परेशानी को दूर करने के लिए बीते 5-6 सालों से अनेक कदम उठाए गए हैं। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने स्वास्थ्य के सप्तऋषियों पर बहुत फोकस किया है। पहली कोशिश है कि बीमारी की नौबत ही नहीं आए। इसलिए निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर सरकार ने बहुत जोर दिया है। ये योग, फिटनेस से जुड़े कार्यक्रम इसलिए ही चल रहे हैं। दूसरा, अगर बीमारी हो गई तो शुरूआत में ही पता चल जाए। इसके लिए देश भर में लाखों नए टेस्टिंग सेंटर बनाए जा रहे हैं। तीसरा फोकस ये है कि लोगों को घर के पास ही प्राथमिक उपचार की बेहतर सुविधा हो। इसके लिए प्राइमरी हेल्थ सेंटरों को सुधारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि चौथा प्रयास गरीब को अच्छे से अच्छे अस्पताल में मुफ्त इलाज मिले। इसके लिए आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज भारत सरकार की तरफ से दिया जा रहा है। हमारा पांचवा फोकस इस बात पर है कि अच्छे इलाज के लिए बड़े-बड़े शहरों पर निर्भरता कम से कम हो। इसके लिए हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमारी सरकार अभूतपूर्व निवेश कर रही है। हमारी सरकार का छठा फोकस इस बात पर भी है कि डॉक्टरों की संख्या में कमी को दूर किया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का सांतवां फोकस स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटाइजेशन का है।



### अब सभी के लिए इलाज होगा सुलभः रतन टाटा



**डिब्रूगढ़: उद्योगपति** रतन टाटा ने असम के डिब्रूगढ़ में एक कार्यक्रम में कहा कि मैं अपने अंतिम वर्षों को स्वास्थ्य के लिए समर्पित कर रहा हूं। असम को एक ऐसा राज्य बनाएं जहां सभी को पहचान और मान्यता प्राप्त हो। बता दें कि यहां पीएम मोदी ने अत्याधुनिक कैंसर उपचार केंद्र का उद्घाटन किया। टाटा ट्रस्ट्स के अध्यक्ष रतन टाटा ने कहा कि असम में 17 कैंसर उपचार केंद्रों का एक नेटवर्क सभी के लिए इलाज को सुलभ बनाएगा क्योंकि यह अमीर आदमी की बीमारी नहीं है। ऐसे सात केंद्रों के उद्घाटन के अवसर पर टाटा ने कहा कि इन सुविधाओं से असम को विश्व स्तरीय कैंसर उपचार प्रदान करने के लिए सक्षम राज्य के रूप में पहचाना जाएगा। उन्होंने कहा कि असम के इतिहास में आज का दिन महत्वपूर्ण दिन है। कैंसर के इलाज के लिए उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा जो पहले राज्य में उपलब्ध नहीं थी, उसे यहां लाया जा रहा है। कैंसर अमीर आदमी की बीमारी नहीं है।

## पूर्वोत्तर में स्थायी शांति कायम करने का काम तेजी से चल रहा हैः मोदी




**दीफू/नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने असम और त्रिपुरा में हुये शांति समझौतों का हवाला देते हुए कहा कि पूर्वोत्तर में स्थायी शांति को जमीन पर उतारने का काम तेजी से चल रहा है। 2014 के बाद से पूर्वत्तर में मुश्किलें कम हो रही हैं और लोगों का विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि आज कोई असम के जनजातीय क्षेत्रों या फिर पूर्वोत्तर के दूसरे राज्यों में जाता है, तो हालात को बदलता देखकर उसे भी अच्छा महसूस होता है। प्रधानमंत्री असम के कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू में शांति, एकता और विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने दीफू में अमृत सरोवर परियोजना और उच्च शिक्षा से जुड़ी तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष सितंबर में कार्बी आंगलोंग के अनेक संगठन शांति और विकास के संकल्प से जुड़े। 2020 में बोडो समझौते ने स्थाई शांति के नए द्वार खोले। असम के अलावा त्रिपुरा में भी एनएलएफटी ने शांति के पथ पर कदम बढ़ाया है। ढाई दशक से जो ब्रू-रियांग से जुड़ी समस्या चल रही थी, उसको भी हल किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार और असम सरकार द्वारा हाल ही में छह कार्बी उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते (एमओएस) पर हस्ताक्षर किए गए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक सशस्त्र बल विशेष शक्ति अधिनियम (एएफएसपीए) नॉर्थ ईस्ट के अनेक राज्यों में रहा है। लेकिन बीते 8 सालों के दौरान स्थाई शांति और बेहतर कानून व्यवस्था लागू होने के कारण हमने एएफएसपीए को नॉर्थ ईस्ट के कई क्षेत्रों से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ आज सीमा से जुड़े मामलों का समाधान खोजा जा रहा है। असम और मेघालय के बीच बनी सहमति दूसरे मामलों को भी प्रोत्साहित करेगी। इससे पूरे क्षेत्र के विकास की आकांक्षाओं को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब हम इस धरती के महान सपूत लचित बोरफुकान की 400वीं जन्म-जयंति भी मना रहे हैं। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रशक्ति की प्रेरणा है। कार्बी आंगलोंग से देश के इस महान नायक को मैं नमन करता हूं।

## 'आत्मनिर्भर' होना सेनाओं के लिए जरूरी : रक्षा मंत्री



**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में नौसेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद सभी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और युद्ध के लिए नौसेना पूरी तरह तैयार है। रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष ने एक बार फिर इस बात को उजागर किया है कि आत्मनिर्भर होना किसी भी सेना के लिए कितना महत्वपूर्ण है। भारतीय नौसेना सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल में सबसे आगे रही है। अफ्रीका एवेन्यू स्थित रक्षा कार्यालय परिसर में 25 अप्रैल से शुरू हुए नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का आज समापन हुआ। भारतीय नौसेना के वरिष्ठ नेतृत्व को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सम्मेलन में नौसेना कमांडरों के बीच समुद्री क्षेत्र के उन प्रमुख मुद्दों पर मंथन किया गया है, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का सामना करते हैं। समुद्री योद्धाओं की उनके व्यावसायिकता और समर्पण के लिए सराहना की जानी चाहिए, जिसके साथ वे राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने अग्रिम पंक्ति के जहाजों और विमानवाहकों से होने वाली उड़ानों में महिला अधिकारियों की नियुक्ति के लिए भारतीय नौसेना की भी सराहना करते हुए कहा कि नौसेना इस साल जून से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के माध्यम से महिला कैडेटों को भी शामिल करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के समुद्री चरित्र और इसकी महत्वपूर्ण भू-सामरिक स्थिति ने एक राष्ट्र के रूप में सभ्यता के विकास में प्राथमिक भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय विकास और दुनिया के साथ जुड़ाव के लिए समुद्र पर बढ़ती निर्भरता के साथ हमारी नौसेना भारत के समुद्री हितों की रक्षा करके इस क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण को सक्षम बनाती है। भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भरोसेमंद उपस्थिति दर्ज की है। इन तैनातियों से भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में 'पसंदीदा सुरक्षा भागीदार' के रूप में उभरी है।

## यूक्रेन की मदद करने वालों पर हमला करेगा रूस



**मॉस्को:** यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के दो माह से अधिक बीत जाने को बाद भी दोनों देशों के बीच शांति की राह नहीं खोजी जा सकी है। इस बीच रूस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूक्रेन की मदद करने वालों पर हमला करने की चेतावनी दी है। साथ ही पोलैंड और बुल्गारिया की गैस आपूर्ति रोक कर उन देशों को जवाब देना शुरू किया है, जो खुलकर यूक्रेन का साथ दे रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने सेंट पीट्सबर्ग में सांसदों को संबोधित करते हुए कहा है कि यूक्रेन के साथ युद्ध में जो देश हस्तक्षेप करेंगे या यूक्रेन की मदद करेंगे, उन देशों पर तत्काल हमला करने से रूस पीछे नहीं हटेगा। रूस के पास ऐसे देशों पर हमले के लिए पर्याप्त साधन-संसाधन उपलब्ध हैं।

### सूर्य देव के तेवर लगातार हो रहे तीख

**भीषण गर्मी से लोग परेशानः जयपुर/लखनऊः** प्रदेश में वैशाख में ज्येष्ठ महीने जैसी गर्मी पड़ रही है। सूर्य देव के तेवर लगातार तीखे हो रहे हैं। गर्मी से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। प्रदेश में लू के चलते तापमान कई जगहों पर 45 डिग्री तक पहुंच चुका है। पश्चिमी हिमालय प्रदेश में आज रात पश्चिमी विक्षोभ टकराएगा। इसके असर से राज्य के कुछ जिलों में मौसम बदलने के आसार है।

**उत्तर प्रदेश में गर्म हवाएं चलेंगीं, 3 दिनों तक राहत नहीं:** उत्तर प्रदेश में मौसम तेजी से करवट ले रहा है।

## चित्रा और आनंद की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित




**नई दिल्ली:** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की गोपनीय सूचनाएं साझा करने के मामले में गिरफ्तार चित्रा रामकृष्णा और सह आरोपित आनंद सुब्रमण्यम की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 9 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सीबीआई ने 21 अप्रैल को चित्रा रामकृष्णा और आनंद सुब्रमण्यम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में सीबीआई ने कहा है कि चित्रा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महत्वपूर्ण फैसले किए। स्टॉक एक्सचेंज नियामक संस्था सेबी ने 11 फरवरी को चित्रा रामकृष्णा और दूसरे आरोपितों के साथ आनंद सुब्रमण्यम की नियुक्ति में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया।

चित्रा ने सेबी से पूछताछ में कहा था कि एक रहस्यमयी योगी ई-मेल के जरिये उन्हें फैसले लेने में मदद करते थे।

## राजस्थान कांग्रेस में सियासी घमासान

### सचिन पायलट की सोनिया गांधी को दो टूक- राजस्थान में तुरंत बदलें सीएम



**नई दिल्ली:** राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कांग्रेस हाईकमान को चेतावनी दी है। पायलट ने कहा है कि राजस्थान में जल्द मुख्यमंत्री बदला जाए, नहीं तो पंजाब जैसा हाल होगा। राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार चल रही है। सूत्रों के हवाले से बताया कि सचिन पायलट ने पिछले दिनों सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात में कहा कि अगर कांग्रेस को राजस्थान में वापसी करनी है, तो मुख्यमंत्री बदलना होगा। पायलट ने आगे कहा कि यह काम तुरंत हो, वरना पंजाब जैसा हाल होगा।

**मीटिंग के बाद पायलट ने क्या कहा था?**-सचिन पायलट सोनिया गांधी से अप्रैल में 3 मुलाकात कर चुके हैं। पायलट ने 21 अप्रैल को मुलाकात के बाद कहा- 'दो साल पहले एआईसीसी की बनाई कमेटी ने कई कदम उठाए हैं, उसी दिशा में आगे काम करना है। राज्य में 2023 में होने वाले चुनाव में सरकार बनाना लक्ष्य है। मेरी भूमिका पर हाईकमान को फैसला करना है।' सचिन पायलट ने तर्क दिया कि अभी चुनाव में डेढ़ साल बाकी है, अगर सीएम बदला गया, तो हम सरकार में वापसी कर सकेंगे।

**सीएम बदलेगा, तो पता भी नहीं चलेगा : गहलोत**

सोनिया गांधी से सचिन पायलट के मुलाकात के बाद अशोक गहलोत ने बड़ा बयान दिया था।

## पटना का दिल दहलाने वाला 'गोलीकांड'



**पटना:** पटना में बेटी-पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के बाद शख्स के सुसाइड करने का वीडियो सामने आया है। वारदात पटना के पॉश इलाके पुलिस कॉलोनी के ए ब्लॉक में गुरुवार दोपहर की है। शख्स ने पहले बेटी के सिर पर पिस्टल रखकर गोली मार दी। फिर पत्नी को इसी तरह शूट किया। अंत में खुद की कनपटी पर गोली मार ली। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। शख्स का नाम राजीव कुमार था और वह बेरोजगार था। उसने पहली पत्नी की मौत के बाद अपनी साली प्रियंका भारती से शादी की थी। बाद में दोनों का तलाक हो गया था। प्रियंका सचिवालय में नौकरी करती थी। बेटी का नाम सारा उर्फ संस्कृति भारती था। वह पहली पत्नी से थी। प्रियंका अपनी मां के साथ रहती थी। संस्कृति भी इन्हीं के साथ रहती थी।

## डराते कोरोना के केसः देश में तेजी से बढ़ता संक्रमण



**नई दिल्ली:** पिछले कुछ हफ्तों से देश में जिस रफ्तार से कोरोना संक्रमण के मामलों में इजाफा रिकॉर्ड किया जा रहा है, इसके आंकड़े काफी डराने वाले हैं। दैनिक आंकड़ों में तेजी से उछाल दर्ज किया जा रहा है, जिसके आधार पर कुछ रिपोर्ट्स इसे चौथी लहर के संकेत के तौर पर भी दिखा रहे हैं। पिछले 24 घंटे (27 अप्रैल) को देश में 3300 से अधिक नए मामले दर्ज किए गए, इसके साथ सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 17000 से ऊपर पहुंच गई है। रिपोर्ट्स यह भी बताते हैं कि इस बार कोरोना के ज्यादा शिकार बच्चे और कम आयु वर्ग के लोग हो रहे है, जो चिंता और बढ़ाने वाली बात है। दिसंबर-जनवरी में तीसरी लहर के बाद एक समय ऐसा लगने लगा था जैसे कोरोना से राहत मिल गई हो, इसी बीच ओमिक्रॉन बीए.2 और नए एक्सई वैरिएंट के कारण संक्रमण की दर में एक बार फिर से उछाल देखने को मिल रहा है। भारत में, विशेष रूप से देश की राजधानी में कोरोनावायरस की चौथी लहर की आशंका के बीच, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि ओमिक्रॉन और इसके नए वैरिएंट्स को लेकर सतर्कता बरतने की विशेष आवश्यकता है, वरना यह बड़ी समस्याओं का कारण बन सकते हैं। आइए समझते हैं कि क्या देश चौथी लहर की ओर बढ़ता जा रहा है?

**ओमिक्रॉन को माना जा रहा है अत्याधिक संक्रामक:** भारत में पिछले दिनों सामने आए कोरोना के ज्यादातर संक्रमितों में ओमिक्रॉन वैरिएंट और इसके सब-वैरिएंट्स की पहचान की गई है।

इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) के निदेशक डॉ एसके सरीन कहते हैं, दिल्ली में पिछले दिनों जिस तरह से संक्रमण के मामलों में उछाल देखा गया है ऐसे में आशंका है कि यहां ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट्स के भी केस हो सकते हैं। दुनियाभर में जिस तरह से ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट्स के कारण संक्रामकता दर और तेजी से बढ़ते मामले दर्ज किए जा रहे हैं, वह निश्चित ही भारत के संदर्भ में भी चिंता बढ़ाने वाले हैं।

## जम्मू-कश्मीर को दहलाने की कोशिश सिदड़ा में सुरक्षाबलों ने नष्ट किया आईईडी



**जम्मू:** जम्मू के सिदड़ा में संदिग्ध आईईडी बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि सिदड़ा में जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर संदिग्ध आईईडी मिली है। इसके बाद पुलिस ने यातायात को फिलहाल रोक दिया। मौके पर पुलिस बल तैनात है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने यह जानकारी दी है। जम्मू कश्मीर पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं, पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने आईईडी को नष्ट कर दिया है। पुलिस इस मामले की जांच की कर रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि सुरक्षाबलों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जम्मू दौरे से दो दिन पहले 22 अप्रैल को जम्मू के सुंजवां में आतंकी हमला हुआ था। इसमें सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकियों को मार गिराया था।

### खबर संक्षेप

## चोर लाखो के जेवरात व नगदी लेकर हुए फरार

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवनगर में स्थित एक मकान में छत के सहारे घुसे चोरो नें कमरे में परिवार के साथ सो रहे मकान मालिक का दरवाजा बहार से बंद कर दूसरे कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ लाखो के जेवरात व नगदी समेट ले गए। देवनगर निवासी विनय कुमार राय मंगलवार की रात परिवार के साथ अपने मकान के एक कमरे में सो रहे थे। चोर छत के सहारे नीचे आये और परिवार के साथ सो रहे विनय कुमार के कमरे का दरवाजा बहार से बंद कर इत्मिनान से घर को खगाल रहे थे आहट मिलने पर विनय उठे दरवाजा बहार से बंद होने की वजह से शोर मचाया तो चोर भाग गये। जाते जाते घर में रखे लाखो के गहने 90 हजार नगदी भी समेट कर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# दिनदहाड़े पुलिस चौकी के पास बृजेश सिंह की गोली मारकर की गई हत्या

**हमलावरों ने बृजेश सिंह को मारी थी 5 गोली, दोपहर में बच्चों को स्कूल लेने आए थे बृजेश सिंह, भाजपा बूथ अध्यक्ष के बड़े भाई थे बृजेश सिंह**

अखंड भारत संदेश

**नैनी प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के गंगोत्री नगर पुलिस चौकी के पास भाजपा नेता के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक भाजपा बूथ अध्यक्ष का बड़ा भाई है। सूचना पर नैनी पुलिस के साथ सीओ करछना ओर एसपी यमुनापार भी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में पुलिस जुट गई है। प्रथम दृष्टया पुरानी रंजिश की बात सामने आई है।

नैनी थाना क्षेत्र के बडा चाका निवासी बृजेश सिंह (40) वर्ष पुत्र सुरेश सिंह उर्फ बच्चन बृहस्पतिवार को लगभग दोपहर 12 बजे गंगोत्री नगर पुलिस चौकी के पास इंटरनेशनल स्कूल में बच्चो को लेने आए थे। स्कूल की छुट्टी में कुछ समय बचा होने के कारण वह वही पास में अपनी बाइक पर बैठे थे। इसी दौरान दो बाइक में पहुंचे पांच लोगों ने उनपर तमंचे से फायर कर दिया।हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद छिवकी रेलवे कॉलोनी की ओर भाग गए। गोली बृजेश के सिर में लगी। घटना स्थल पर ही उनकी



घटनास्थल पर मौजूद भीड़ व पुलिस फोर्स

मौत हो गई। घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित सीओ करछना राजेश यादव इंस्पेक्टर नैनी के पी सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की।

**बृजेश को जिंदा नहीं छोड़ना चाहते थे हमलावर :** घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हमलावर बृजेश सिंह को किसी भी हालत में जिंदा नहीं छोड़ना चाहते थे। यही वजह है कि एक के बाद एक पांच गोलियां बदमाशों ने बृजेश सिंह को मारीं। वह मौके पर ही मौत हो गए और उनका खून से लथपथ शरीर सड़क पर ही पड़ा रहा। बदमाशों के डर की वजह से कोई उन्हें अस्पताल ले जाने की हिम्मत तक नहीं कर सका। बदमाशों के हाथ में तमंचा होने से वहां मौजूद लोग बदमाशों को रोकने की हिम्मत नहीं दिखा सके। तथा घटना के पास ही पांच कारतूस वह 100 मीटर दूर एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आसपास पूछताछ कर हमलावरों की जानकारी इकट्ठा की। सूचना पर मृतक के परिवार के लोग भी रोते बिलखते हुए मौके पहुंच गए। मृतक के छोटे भाई अजीत सिंह ने बताया छोटा चाचा का निवासी दीपू शर्मा से पुरानी रंजिश चल रही है उसी ने इस घटना को अंजाम दिया है। बताया कि भाजपा की सरकार बनने पर लोगों ने खुशी में पटाखे बजाए थे जिसको लेकर दीपू शर्मा व उसके परिवार वालों से विवाद हुआ था। मामले में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबिश दे रही है। मृतक के एक लड़का और एक लड़की है।

## 18 घंटे के शेड्यूल में 8 घंटे भी नही मिलती बिजली

### मनमर्जी कटौती से ग्रामीण अनिद्रा के हो रहे शिकार, दिन भर लू के थपेड़े तो रात में झेलते हैं मच्छरों का हमला

**हनुमानगंज।** बढ़ती गर्मी के संग ग्रामीणांचल में विद्युत कटौती भी चरम पर है। 24 घंटे में 18 घंटे के शेड्यूल की जगह बमुश्किल 8 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। एक ही रात में कई घंटे बत्ती गुल रहने से जहां बच्चों की पढ़ाई, जरूरी कामकाज, खेतीबारी प्रभावित हो रही है वही लोग अनिद्रा के शिकार भी हो रहे हैं। विद्युत उपखंड हबूसा मोड़ से संबद्ध 33 केवी के उपकेंद्र कोटवां व बरेठी से जुड़े सैकड़ों गांव में विद्युत संकट गहराया हुआ है। लगातार विद्युत कटौती से लोगों के घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए हैं। दिनभर सनसनाती गर्मी व लू के थपेड़ों से जहां जनजीवन प्रभावित हो रहा है वही रात की कटौती से लोग बेहाल है। गर्मी के चलते घर से बाहर सोने वाले लोग मच्छरों के हमले तथा संचारी रोग के शिकार हो रहे हैं। विद्युत कटौती के चलते व्यवसाय, खेतीबारी, सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की तैयारी, पेयजल आदि प्रभावित हो रहे है। लगातार मनमर्जी कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश भी पनप रहा है। कोटवा, बरईपुर, जमुनीपुर, लीलापुर, मलखानपुर, बेलवार, दलापुर, ककरा दुबावल आदि गांवों के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से भी विद्युत कटौती की शिकायत दर्ज कराई है।

मेन सप्लाई 220 केवी विद्युत उपखंड हबूसा मोड़ से ही ग्रामीण उपकेंद्रों के लिए 11-12 घंटे की विद्युत आपूर्ति की जा रही है। गर्मी में अचानक लोड बढ़ने से भी विद्युत ट्रिप होने की समस्या बढ़ी है।

**पवन सिंह उपखंड अधिकारी ग्रामीण**

विद्युत कटौती की शिकायतें इन दिनों काफी है। शासन से तय ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल के मुताबिक 18 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। बिना भेदभाव के सभी फीडरों पर शेड्यूल के मुताबिक समान विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयासरत हूं।

**फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल**

# किसानों को किया गया जागरूक

### किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी कार्यक्रम




अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन करछना में किया गया इलाहाबाद डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक शाखा करछना में गुरुवार को किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संजय जैसवार वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ,उप महाप्रबंधक रामाश्रय यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित, रहे, तथा सहायक विकास अधिकारी सहकारिता श्रीमती सोनल शुक्ला की उपस्थिति में किसानों को बैंकिंग एवं कृषि से संबंधित किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई सरकार की मंशा के अनुसार किसान सम्मान निधि के सभी सुविधाओं के बारे में किसान क्रेडिट कार्ड किसानों की आय दुगनी जीवन ज्योति बीमा योजना आदि किसानों को विस्तृत जानकारी से कृषकों को अवगत कराया गया तथा इस अवसर पर उपस्थित किसानों में भगवत प्रसाद, उमाशंकर, उदय राज कुशवाहा ,प्रदीप यादव ,श्रीपाल, रामकृष्ण यादव ,आशीष गौतम, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, तिलक राज कुशवाहा ,राम सिंह ,महेंद्र ,अरुण शर्मा ,आदि बड़ी संख्या में किसानों ने आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन में उपस्थित रहे।

## जसरा में किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जसरा।** कृषि कल्याण मंत्रालय सरकार द्वारा आयोजित किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान का आयोजन जिला सहकारी बैंक लि०शाखा जसरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विकास प्रबंधन नावार्ड अनिल शर्मा ने उपस्थित किसानों को कृषि सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दिया। श्री शर्मा ने कहा कि भारत सरकार मुख्यतः पीएम किसान लाभार्थियों के बचे हुए केसीसी कार्ड बनाने पर अधिक से अधिक बैंक को जोर दिया। साथ ही साथ अन्य केसीसी जैसे पशुपालन केसीसी, मत्स्य पालन केसीसी आदि के लिए भी बैंकों से कार्ड बनवाने पर जोर दिया।इसके साथ ही सभी सामाजिक सुरक्षा के तहत पीएम एसबीवाई,पीएम जेजेवाई एवं एपीवाई के विषय पर भी किसानों को जागरूक किया और इसके महत्व के बारे में सरकार द्वारा लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। त्रृण वितरण व कास्तकारों को सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित कराने को संबंधित सचिव व शाखा प्रबंधक को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सेवा सहकारी समिति जसरा के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी व संचालन अनिल मिश्र ने किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक प्रयागराज के उप प्रबंधक राम आसरे यादव,शाखा प्रबंधक संदीप सोनकर, ज्ञानेन्द्र पाठक,हरिश्चंद्र मौर्या, अश्विनी कुमार द्विवेदी, अरुण त्रिपाठी, रामकिंकर, राजेन्द्र कुमार तिवारी,दिनेश सिंह,विजयराज यादव,आलोक पाठक, राकेश तिवारी, दीपक केसरवानी सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



## नगर पंचायत शंकरगढ़ ने क्षय रोगियों को बांटा पुष्टाहार, 10 मरीजों को लिया है गोद

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** जिला प्रशासन की पहल पर नगर पंचायत शंकरगढ़ ने गुरुवार को क्षय रोगियों के बीच पुष्टाहार का वितरण किया। नगर पंचायत ने क्षेत्र के कुल 10 मरीजों को गोद लिया है। अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश चौरसिया ने बताया कि गोद लिए हुए टीवी रोगियों को आज एक-एक किलोग्राम मूंगफली, भुना हुआ चना, गुड, सत्तू, गजक सहित अन्य पोषक तत्वों का वितरण किया गया।

ईओ ने बताया कि आज आयोजित पुष्टाहार वितरण कार्यक्रम में सिर्फ पांच रोगी ही आए थे, जो लोग आज नहीं आ पाए थे, उन्हें बाद में पुष्टाहार का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन लल्लू कनौजिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ शैलेंद्र सिंह, सभासद सुजीत केसरवानी, लिपिक प्रदीप कुमार, मनीष केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे। बता दें कि नगर पंचायत शंकरगढ़ ने क्षेत्र के कुल 10 तपेदिक रोगियों को गोद लिया है, इसमें चिकान टोला के पवन कुमार, पटेल नगर की मानसी उर्फ आंचल गुप्ता, चिकान टोला की दुर्गावती, हिनौती पांडेय के धर्मेंद्र आदिवासी, तालापार के करन वर्मा, शिवराजपुर के दादूलाल आदिवासी, धर्मनगर के रमेश कुमार, गाढ़ा कटरा के सुनील आदिवासी, कल्याणपुर के मुकेश कुमार और बुंदाया लखनपुर के कालीचरण शामिल हैं। बताते चलें कि तपेदिक को जड़ से मिटाने के लिए शासन की पहल पर जिला प्रशासन ने तपेदिक रोगियों को गोद लेने का अभियान चलाया हुआ है, इसमें विभिन्न विभागों के साथ ही आला अधिकारी भी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पुष्टाहार और दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

### जंघई में काशी एक्सप्रेस से कटकर अज्ञात वृद्ध की मौत

**जंघई।** जंघई जंक्शन पर गुरुवार दोपहर में वाराणसी रुट पर जंघई मछलीशहर मार्ग पर स्थित पूर्वी फाटक के सामने एक अज्ञात वृद्ध उम्र करीब 55 वर्ष ने गोरखपुर से कुर्ला जा रही काशी एक्सप्रेस के सामने छलांग लगा दिया जिससे वृद्ध की तत्काल मौके पर मौत हो गई।ट्रेन ड्राइवर के मेमो पर आरपीएफ इंस्पेक्टर हकुम सिंह व जीआरपी चौकी इंचार्ज सूर्यकांत पंडित इंचार्ज मौके पर पहुंचे जीआरपी शव को कब्जे मे लेकर जंघई जीआरपी चौकी ले गई। जीआरपी चौकी इंचार्ज जंघई जंक्शन सूर्यकांत पंडित ने बताया की शव पहचान कराने के लिए चौकी पर शव एक दिन रखा जायेगा दूसरे दिन पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जायेगा।

### चलती ट्रेन से गिरा युवक, घायल

**जसरा।** चलती ट्रेन से युवक के गिर जाने से गंभीर हालत में ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा अस्पताल पहुंचाया। जहां पर घायल की गंभीर हालत को देखते हुए प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। बीती रात पटना निवासी नंदकिशोर साहनी मुंबई से पटना जाने के लिए दानापुर एक्सप्रेस पर सवार हुए थे। जसरा के पास वह अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया। आस पास के ग्रामीणों ने घायलावस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा पहुंचाया। जहां मरीज के गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने एस आर एन प्रयागराज रेफर कर दिया है।

## ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की सप्लाई के नाम पर 8 लाख रुपए की ठगी , मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** एक साल पहले तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए एक निजी अस्पतालों ने एक कंपनी से ऑक्सीजन कंसंट्रेटर का सौदा किया। अस्पताल की ओर से कंपनी को करीब 8 लाख रुपये यानी पूरा पैसा एडवांस में पेमेंट कर दिया गया। एक साल बीतने के बाद भी आक्सीजन कंसंट्रेटर की सप्लाई नहीं होने पर अस्पताल की ओर से कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सिविल लाइंस पुलिस ने अस्पताल की डायरेक्टर के तहरीर पर मेसर्स स्त्रोता इंटरप्राइजेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। **एक साल पहले अस्पताल ने दिया था आर्डर :** शकुंतला हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. उमा जयसवाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मेसर्स स्त्रोता इंटरप्राइजेज से 10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर खरीदने के लिए बातचीत की। इस दौरान सौदा तय हो जाने पर कंपनी के डीलर अनुभव सिंह ने 792987 रुपये में देने के लिए कहा। अस्पताल की ओर से पूरा पैसा 28 अप्रैल 2021 को दे दिया गया।

### खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया अतिरिक्त प्रभार

**प्रयागराज।** स्कूल चलो अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) विश्वनाथ प्रजापति को फूलपुर और बहादुरपुर विकास खंड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। फूलपुर के बीईओ के स्थानान्तरण जबकि बहादुरपुर के बीईओ के निलंबन के कारण दोनों विकास खंड खाली चल रहे थे। इसी प्रकार मेजा का अतिरिक्त प्रभार शैलपति यादव को दिया है। यहां के बीईओ का भी तबादला हो गया था। अनिल कुमार त्रिपाठी को नगर क्षेत्र और होलागढ़ की अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। ये दोनों ब्लॉक भी बीईओ के ट्रांसफर के कारण खाली थे।

## न्यूज झरोखा

### बेलन नहर प्रखड अधिकारियों ने चलवाया बुलडोजर कई अवैध मकानों को खड़हर में किया तब्दील



**लेडियारी।** खीरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उंचगाव नहर के रास्ते से आने जाने वाले राहगिरो को दिक्कत का सामना उठाना पड़ रहा था आये दीन? नहर विभाग के अधिकारियों को सिकायत का सामना उठाना पड़ता था। बेलन नहर के रिक्त जमीनो पर अवैध तरीके से रिहायशी मकान ग्रामीणों ने बना लिया था।नहर विभाग अभियन्ता के द्वारा मकान मालिकों को नोटिस जारी करने के बाद भी पक्के मकान को कब्जा धारियों द्वारा खाली नही किया गया जा रहा था। पुलिस बल के तैनाती में बुल्डोजरो द्रारा रिहायशी इमारत को नष्ट नाबुद कर बेलन नहर की जमीन को खाली कराया गया भवन गिराने वालों का नाम इस प्रकार है।बिक्रमा पुत्र सुदर्शन पटेल ,सुरेश सिंह पुत्र चंद्रदेव सिंह, कुबेर पुत्र राजगिरी, विक्रमा सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह , सन्तोष कुमार विश्वकर्मा पुत्र सोहनलाल विश्वकर्मा,रंगबहादुर पुत्र श्री किशुन सिंह,आदि लोगों के बने घर को बेघर किया गया इस बुल डोजर के चलने से भू माफियाओं में दहशत का माहौल देखा जा रहा है और क्षेत्र तरह तरह की चचाएँ हो रहीं हैं।

### पंचायती राज मंत्री ने सुजावन देव का किया अभिषेक,देवरिया में किया वृक्षारोपण



**घूरपुर।** प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने गुरुवार के दिन घूरपुर के भीटा देवरिया स्थित सुजावन देव मंदिर पहुंचकर सुजावन देव का विधि विधान से अभिषेक किया । अभिषेक के बाद सुजावन देव मंदिर के कायाकल्प करने का भरोसा दिया । पूजन के बाद मंत्री ने देवरिया गांव पहुंच कर वृक्षारोपण करते हुए नव निर्मित पंचायत भवन का निरीक्षण किया । मंत्री ने गांव को स्वच्छ व सुंदर रखने के लिए मौजूद प्रधानों के बीच कहा । साथ ही सरकार की ओर चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसे भूमि पटल पर स्थापित करने की बात कही । इस मौके पर विधायक बारा वाचस्पति, प्रमुख जसरा अजीत सिंह,डीपीआरओ आलोक सिन्हा, एडीपीआरओ आशुतोष यादव,संजय विश्वकर्मा,जगत शुक्ल,ग्रामविकास अधिकारी दीप्ति मिश्रा, सुजावन देव मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी,प्रधान देवरिया महंत राजीव गिरी आदि कई लोग मौजूद रहे ।

### पंचायत भवन एवं सार्वजनिक शौचालय अनुवां का हुआ सीमांकन



**जंघई।** गुरुवार को अनुवां ग्राम सभा में शासन की मंशा के अनुरूप पंचायत भवन एवं सार्वजनिक शौचालय के लिए खाली आराजी स्थल पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कुमार एवं गांव के संभ्रांत लोगों की उपस्थिति में जमीन का सीमांकन करके निशानदेही कराया गया।इस अवसर पर अशोक कुमार पांडेय पूर्व प्रधान, आशुतोष पांडेय, सूरज कुमार, जितेंद्र पांडेय, अशोक कुमार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी स्वामी नाथ त्रिपाठी का निधन



**जंघई।** भाजपा जंघई मंडल के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट कैलाश नाथ त्रिपाठी के पिता जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी स्वामी नाथ त्रिपाठी का 5 दिन पूर्व जंघई से अपने घर पतैंया जाते समय दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों को सूचना मिली तो आनन फानन में प्रयागराज के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां 5 दिनों तक इलाज जारी रहा और अन्ततः जीवन और मौत की लड़ाई में स्वामी नाथ त्रिपाठी हार गए। गुरुवार सुबह अंतिम सांस लिया परिजनों एवं क्षेत्रीय जनमानस में शोक का माहौल है त्रिपाठी जी बहुत शांतप्रिय, मिलनसार, उदारवादी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति समर्पित रहे अंतिम सांस तक।

## जल जीवन मिशन : समूह की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश






**करछना।** प्रयागराज विकास खण्ड परिसर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत हर घर जल के अन्तर्गत दो दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय एफ. टी. के. के माध्यम से महिला प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी करछना राम विलास राय ने किया , विकास खण्ड परिसर में जल जीवन मिशन के बैनर तले समूह से सैकड़ों महिलाओं को राज्य स्तर प्रशिक्षक जल जीवन मिशन उत्तर प्रदेश विपिन प्रकाश जायसवाल द्वारा महिलाओं को स्ववच्छता सहित दूषित पेयजल से होने वाले भयानक बीमारियां जैसे पीलिया, कालरा, कैंसर, दस्त बुखार, हड्डी रोग, कुपोषण, चर्म रोग आदि एवं उससे बचने के उपाय जैसे पेय जल श्रोत इण्डिया मार्का टू हैण्ड पम्प, नल, कुआ आदि को ब्लीचिंग पाउडर को प्लास्टिक के बर्तन में घोल बनाकर रात्रि में उसके अन्दर घोल को डाल कर पूरी रात्रि छोड़ देने और सुबह में पेय जल श्रोत से पानी तब तक निकालना चाहिए जब तक लाल या जंग वाला पानी साफ न हो जाए,बैक्टीरिया वाले दूषित पानी को उबाल कर पीना चाहिए,पीने वाले पानी को बाल्टी में रखकर उसमे फिटकरी को सूती कपड़ा में पोटली बनाकर पानी के अन्दर घुमाकर पानी स्थिर होने के बाद पानी का सेवन करना चाहिए आदि विभिन्न प्रकार से पानी को शुद्ध और स्वच्छ होने की दशा में ही पानी का सेवन करना चाहिए। पाइप लाइन शुद्ध पेयजल आपूर्ति,जल दोहन करने से पानी के संकट, पानी में रसायन आयरन, फ्लोराइड, क्लोरिन आदि की जल जांच करने सम्बंधी विस्तृत जानकारी दी गई और अधिकाधिक महिला समूहों से भी जल जांच कीट के माध्यम से पानी की जांच कराई गई।वहीं राम विलास राय खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गीत के माध्यम से जल जीवन मिशन पर विस्तृत जानकारी दी और विवेक कुमार मिश्रा सहायक विकास अधिकारी भी जल जीवन मिशन पर विस्तृत जानकारी दिया गया।इस अवसर पर अतुल मिश्रा खंड प्रेरक विनोद बिन्द, योगेंद्र मिश्रा पवन धीरेन्द्र दुबे महिला समूहों से मीरा देवी कौशिल्या,सरिता पाण्डेय, ललिता देवी, प्रियंका मौर्य सुशीला पूजा अंकिता उपासना सहित तमाम महिलाएं प्रतिभाग की।

## धार्मिक स्थलों से हटवाया गया लाउडस्पीकर

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** गुरुवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ के एक धार्मिक स्थल से लाउडस्पीकर हटवाया गया, जबकि एक अन्य स्पीकर की आवाज कम करवाई गई। क्षेत्राधिकारी बारा विमल किशोर मिश्र ने बताया कि बारा तहसील क्षेत्र के बारा, शंकरगढ़,लालापुर आदि क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटवाया जा रहा है। इसके अलावा आवाज भी कम करवाई जा रही है। अब तक कई धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटवाया जा चुका है। इसी क्रम में आज बारा खास के एक मंदिर और शंकरगढ़ स्थित एक जामा मस्जिद से लाउडस्पीकर हटवाया गया और दूसरे की आवाज कम करवाई गई।सीओ बारा विमल किशोर मिश्र ने बताया कि शासन के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य ज्यादा शोर से होने वाली परेशानी से है।यह अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इस मौके पर कस्बा प्रभारी ऋतुराज सिंह,एसआई सुमित कुमार,अजीत कुमार, अमरेंद्र सिंह, गया प्रसाद यादव समेत कई पुलिसकर्मी रहे।



लाउडस्पीकर को हटवाती पुलिस

## खबर संक्षेप

### गंगा नदी के कछार में लगी भीषण आग, आग बुझाने का कोई इंतजाम नहीं

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कोटवा गांव गंगा नदी के कछारी क्षेत्र गुरुवार को भीषण आग लग गई। आग की उठी लपटों को देख पशुपालकों में हड़कंप मचा है। बता दें कि गंगा नदी की दो धाराओं के बीच काफी बड़े क्षेत्र में रेत का टीला बना है। यहां उगे बबूल के पेड़ कटीली झाड़ियों तथा सरपतों से जंगल नजर आता है। इन्हीं क्षेत्रों में कोटवा लीलापुर जमुनीपुर आदि कई गांव के पशुपालक अपने जानवरों को चरने के लिए छोड़ आते हैं। क?ई किसान अस्थाई बसेरा बना कर रेती की खेती भी करते हैं। ऐसे में भीषण उठ रही आग की लपटों से पशु पक्षियों के साथ रेती की खेती के नुकसान होने का भी खतरा बना है। इसके पहले भी इस क्षेत्र में लगी आग धीरे-धीरे स्वतः बुझती रही है। अभी तक यहां लगने वाली आग को बुझाने का कोई इंतजाम नही हो सका।

## पंचायती राज मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

### ग्राम पंचायतों में निर्मित कराये जा चुके सामुदायिक शौचालयों की जियो टैगिंग कराने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पंचायतीराज मंत्री, उ0प्र0 भूपेन्द्र सिंह चौधरी गुरूवार को प्रयागराज सर्किट हाउस सभागार में मण्डल के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कार्यों की समीक्षा की। मा0 मंत्री जी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में सामुदायित शौचालयों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, वहां पर कार्य को तत्काल शुरू कराया जाये। उन्होंने निर्मित कराये गये सभी सामुदायिक शौचालयों की जियो टैगिंग कराने के निर्देश दिए। मंत्री जी ने सामुदायिक शौचालयों की भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की वेबसाइट पर अंकित कराये जाने के लिए कहा है। शेष सामुदायिक शौचालयों का रख-रखाव का दायित्व स्वंय सहायता समूह को देते हुए उन्हें रख-रखाव हेतु धनराशि हस्तातंरित की जाये। फेज-2 के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष जियो टैग की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि चिन्हित एवं इन्ट्री किए गए पात्र लाभार्थियों का प्राथमिकता के आधार पर शौचालय निर्माण कराते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय की वेबसाईट पर जियो-टैग किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने प्रयागराज एवं फतेहपुर में लक्ष्य के सापेक्ष अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य की प्रगति पर असंतोष जताते हुए कार्य में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। पंचायत भवन में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सह-स्थापना की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंत्री जी ने कहा कि जिन जगहों पर ग्राम सचिवालय का निर्माण कार्य हो चुका है, वहां पर आफिस से सम्बंधित उपकरणों को जल्द से जल्द क्रय करने की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। इस अवसर पर विधायक बारा वाचस्पति, विधान परिषद सदस्य डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव, उप निदेशक पंचायतीराज सहित मण्डल के सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



सर्किट हाउस में बैठक करते हैं पंचायती राज मंत्री

## न्यूज झरोखा

### प्रा.वि. पुरवा खास में बच्चों ने निकाली स्कूल चलो रैली




**करछना।** प्रयागराज गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरवा खास में बच्चों का दाखिला कराने के लिए गुरुवार को बच्चों ने शिक्षको के साथ स्कूल चलो अभियान के तहत गांव में रैली निकाली। गई विकास खंड चाका के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित रैली खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह, के आदेशानुसार विकासखंड चाका, इंचार्ज प्रधानाध्यापक उमा रानी, ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया , पूरवा खास उच्च प्राथमिक विद्यालय इलाके में भी स्कूल चलो रैली का आयोजन किया गया, । बच्चों का स्कूलों में प्रवेश कराने का संकल्प लिया गया शिक्षक गुणवंता को देखकर प्रधानाध्यापिका इंचार्ज उमा रानी धुरिया ,पूरी टीम प्रशंसा एवं सहराना की , इस मौके पर। मोहम्मद अहमद, सतीश चंद शर्मा, उमा त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, रुही, भगवती प्रसाद, गुलाब चंद्र, मृदुला श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान उमाशंकर भारतीय, आंगनवाड़ी, एवं समस्त बच्चे मौजूद रहे।

### अरई भस्मा स्कूल के छात्रों नें निकाली रैली




**करछना।** प्रयागराज ग्राम सभा अरई भस्मा करछना स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को जागरूक किया गया तथा अभिभावक को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया ताकि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन वह सही समय पर विद्यालय भेजें जिस मौके पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार पटेल उर्फ( लल्ला बाबू ) समाजसेवी पवन कुमार यादव , प्रधानाध्यापक -श्री रामकृष्ण सहायक अध्यापक -अर्चना सिंह ,किरण सिंह शिक्षामित्र -मनोज कुमार मिश्रा अश्वति पटेल तथा ग्राम सभा के कई लोग उपस्थित रहे अधिवक्ता इंद्रजीत पटेल ,अधिवक्ता जितेंद्र कुमार पटेल बाबू जी पटेल ,विनोद कुमार पटेल , मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### ब्लॉक प्रमुख ने टेबलेट/स्मार्टफोन किया वितरित




**जंघई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप उ0प्र0 के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना के क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव द्वारा श्री देवी प्रसाद महाविद्यालय एवं आईटीआई कालेज पिलखिनी जंघई में बीए, बीएससी, बीकाम फाइनल के छात्रों को स्मार्टफोन एवं एमए, एससी फाइनल तथा आईटीआई फाइनल के छात्रों को टेबलेट वितरण किया गया। शैलेश यादव ने कहा कि मध्यम वर्ग के छात्र छात्राओं के पास टेबलेट/मोबाइल न होने के कारण बच्चे आनलाइन शिक्षा से वंचित रह जाते थे। मुख्यमंत्री द्वारा चुनाव पूर्व यह घोषणा की गई थी कि शिक्षा की तकनीक और मजबूत करने हेतु मोबाइल/ टेबलेट का वितरण किया जाएगा टेबलेट स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान फैल गई। प्रबंधक राजमणि यादव, निदेशक डॉ प्रदीप यादव, कार्यालय अधीक्षक जियालाल ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि भविष्य में टेबलेट/स्मार्टफोन पुनः वितरण होगा और महाविद्यालय में योग्य अध्यापकों द्वारा अच्छी शिक्षा बच्चों को ग्रहण कराई जा रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

### विद्युत आपूर्ति को लेकर मुख्य अभियंता से मिले भाजपाई

**झूंसी।** बे पटरी हुई विद्युत आपूर्ति को लेकर भाजपाइयों ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम प्रयागराज के मुख्य अभियंता विनोद गंगवार से मुलाकात कर ग्रामीण इलाकों में हो रही विद्युत कटौती को जल्द से जल्द सुचारू करने की मांग की। जिला मंत्री युवा मोर्चा गंगापार धनंजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती की समस्याओं को बिंदुवार स्पष्ट तरीके से मुख्य अभियंता अवगत कराया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में जल्द से जल्द कटौती से निजात दिलाने की मांग की।

## तेज बहादुर सप्रु अस्पताल : मानदेय न मिलने से नाराज आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** तेज बहादुर सप्रू अस्पताल के कर्मचारियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन किया तथा कहा कि कोरोना जैसी महामारी के दौरान जब लोग घरों में कैद थे तो यह स्वास्थ्यकर्मी अपनी जान की परवाह किए बगैर कोविड वार्डों में नजर आते थे। इन्हें कोरोना योद्धा का दर्जा दिया गया। अब यह सिर्फ नाम के ही कोरोना योद्धा रह गए हैं। यह पिछले चार माह से बिना किसी मानदेय पर काम कर रहे हैं। गुरुवार को सुबह तेज बहादुर सप्रू (बेली) अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने मानदेय की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू किया तो मान मनौव्वल शुरू हो गया। नर्स, लैब टेक्निशियन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, गार्ड समेत अन्य कर्मचारियों ने अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. किरण मलिक को ज्ञापन सौंपा। स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा, साहब मानदेय न मिलने से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। किराए के मकान में रहने वाले कर्मचारियों ने कहा कि किराया न देने पर मकान मालिक मकान खाली करने को दबाव बना रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक को भी इसके लिए पत्र भेजा गया।



प्रदर्शन करते आउटसोर्सिंग कर्मचारी

**कोरोना योद्धाओं को नहीं मिली प्रोत्साहन राशि :** कोरोना काल में सरकार की ओर से घोषणा की गई थी कि अस्पतालों में जान जोखिम में डालकर ड्यूटी करने वाले कोरोना योद्धाओं को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। लेकिन आज तक यह नहीं मिली। स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि उनके मानदेय से अस्पताल प्रशासन की ओर से कटौती कर ली गई थी। पूछने पर बताया गया कि सरकार से बजट नहीं आ रहा है इसलिए ऐसा किया गया है। 12 घंटे ड्यूटी करने के बाद भी मानदेय न मिलने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन करने वालों में प्रमोद कुमार, संगीता, प्रदीप कुमार ओझा, शांतनु कुमार त्रिपाठी, लवकुश, बजरंगी यादव, सूरज, रविंदर, शिव बाबू समेत अन्य शामिल रहे।

## पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर सुरेंद्र चौधरी से मिले पत्रकार रवि चंद्रा

### पत्रकार रवि चंद्रा ने बीजेपी एमएलसी सुरेंद्र चौधरी को (राष्ट्रीय प्रसार) मासिक पत्रिका की भेंट, पत्रकार उत्पीड़न समेत तमाम मुद्दों पर की चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पत्रकार विकास परिषद के सोरांव तहसील अध्यक्ष रवि चंद्रा ने बीजेपी एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी के लखनऊ (बहुखंडीय मंत्री आवास) पर की औपचारिक मुलाकात पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न सहित समेत तमाम मुद्दों पर की चर्चा।औपचारिक मुलाकात के दौरान पत्रकार उत्पीड़न, देश दुनिया और मौजूदा अर्थव्यवस्था के हालातों पर चचाएं भी हुई। इस मुलाकात के दौरान पत्रकार रवि चंद्रा ने दिल्ली से प्रकाशित समाचार मासिक पत्रिका (राष्ट्रीय प्रसार) भी भेंट की औपचारिक मुलाकात के दौरान सदस्य विधान परिषद सुरेंद्र चौधरी ने खुशी व्यक्त करते हुए समाचार मासिक पत्रिका राष्ट्रीय प्रसार को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।




एमएलसी को मासिक पत्रिका भेंट करते पत्रकार



एस्ट्रो शो में अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी देते शिक्षक व कक्ष में उपस्थित बच्चे

## एस्ट्रो शो में बच्चों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ली अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी

**फूलपुर।** अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि लेने वालों छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय एस्ट्रो शो का आयोजन गुरुवार को फूलपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में किया गया। एस्ट्रो शो में बच्चों को सूर्य ग्रहण और सौर मंडल के अन्य ग्रहों की प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी देते हुए पथ प्रदर्शक समिति के प्रबंधक राय साहब ने कहा की अंतरिक्ष विज्ञान एक ऐसा विज्ञान है जिसमें हम पृथ्वी के अलावा ब्रम्हांड का भी अध्यन करते हैं। इस दौरान उपस्थित बच्चों ने उत्सुकता पूर्वक ऐस्ट्रो शो के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान के तथ्यों को भली-भांति समझा। वहीं बच्चों के हित में ऐसे ज्ञानवर्धक आयोजन के लिए विद्यालय के अध्यापकों ने पथ प्रदर्शक समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मुन्नी देवी, पथ प्रदर्शक समिति के छात्र निखिल, वर्षा, अंजलि,रितिक, आकाश, आदित्य, नितिन, दानिश सहित विद्यालय के अन्य अध्यापक व छात्र मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, साजिश रचने वाली महिला भी पुलिस के हत्थे चढ़ी

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त के साथ एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। महिला पर उक्त प्रकरण में साजिश रचने का आरोप है। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि धारा 363, 366, 506, 120बी व 4/5 पाक्सो एक्ट के तहत शुभम श्रीवास्तव उर्फ लकी पुत्र सुशील श्रीवास्तव के अलावा रजनी श्रीवास्तव पत्नी स्वर्गीय गणेश श्रीवास्तव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। नाबालिग से दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी बनाए गए। दोनों लोग शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा का रहने वाले हैं। उक्त मामले के अभियुक्तों की तलाशी के दौरान आज सब इंस्पेक्टर प्रवेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल वेद प्रकाश, अनीश कुमार व महिला कांस्टेबल कुमारी लक्ष्मी ने शुभम और रजनी को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के शिवराजपुर चौराहे से की गई है। पूछताछ के बाद दोनों का चालान भेज दिया गया है।

## समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है जिला अपराध निरोधक

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा किए जाने वाले कार्य, समिति की सेवाभावना पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। समय-समय पर और विशेषकर सामूहिक आयोजनों में अपराध निरोधक समिति के सदस्यों द्वारा जो योगदान दिया जाता है, वह समाज को एक दूसरे की मदद करने की सीख देता है। यह बातें पूर्व आईजी लालजी शुक्ल ने तहसील मेजा के सभागार में आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि ने कही।गुरुवार को जिला अपराध निरोधक समिति के बैनर तले आयोजित बैठक व सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व आई जी लालजी शुक्ल व उपजिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पांडेय ने जिला अपराध समिति के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।अधिकारी द्वय ने कहा कि इनके द्वारा दिन प्रतिदिन अच्छे कार्य किये जा रहे हैं, जिसके हम सभी और पूरा समाज आभारी हैं। हमे उम्मीद है कि भविष्य में भी यह संस्था अपना योगदान समाज के लिए देती रहेगी।उन्होंने कहा कि जो समाज की सेवा नही कर सकता वह किसी की भी नही कर सकता।कहा सेवा का कोई मूल्य नहीं होता।श्री शुक्ल ने संस्था के सभी सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी वेलेंटियर पूरे वेग,ऊर्जा और समर्पित भाव से समाज की सेवा करते रहें।गुरुवार को जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व आई जी लालजी शुक्ल,विशिष्ट अतिथि एस डी एम मेजा विनोद कुमार पांडेय,अतिथि सिरसा चेयरमैन पप्पू यादव,व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय,कोतवाल मेजा धीरेंद्र सिंह,संस्था के जिला सचिव संतोष श्रीवास्तव को आयोजक और संस्था के यमुनापार प्रभारी अधिवक्ता उच्चन्यायालय अभिषेक तिवारी द्वारा अंग वस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मेजा व कोरांव के पदाधिकारियों व सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।समारोह का संचालन दिनकर मिश्र और अध्यक्षता तहसील प्रभारी दुर्गेश त्रिपाठी ने किया।कार्यक्रम को संगठन सचिव सतीशचंद्र मिश्र,बार मेजा के पूर्व अध्यक्ष तुलसीदास तिवारी,लक्ष्मीकांत मिश्र ने संबोधित किया। आयोजक यमुनापार प्रभारी अधिवक्ता उच्चन्यायालय अभिषेक मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि आज घर के मुखिया के यहां आने पर और स्वागत करने में हम सभी को बहुत ही खुशी हो रही है। अंत में तहसील प्रभारी दुर्गेश त्रिपाठी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर तहसील उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र त्रिपाठी, सचिव दिग्विजय सिंह,हरिशंकर यादव,लालजी यादव,गुलाब यादव,जहींद्र सिंह समेत दर्जनों लोगों को निःस्वार्थ भाव से की गई जनसेवा में बेहतरीन कार्य करने पर सम्मानित किया गया।



अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते अधिवक्ता


## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी**
**जनपद कौशांबी**
**उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र संख्या**
**5/70/2022**
**चंदन लाल बनाम लल्लन प्रसाद**

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए न्यायालय सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी कौशाम्बी की अदालत में उपरोक्त मुकदमा दाखिल हुआ है मुकदमे की सुनवाई में लल्लन प्रसाद उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय लल्लू राम निवासी बिरौली पोस्ट बेरूवा थाना चरवा जनपद कौशांबी वा अनीता देवी उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्री स्वर्गीय लल्लूराम पत्नी राम बाबू निवासी ग्राम बड़ा गांव पोस्ट बड़ागांव तहसील चायल थाना कोखराज जनपद कौशांबी को 30 अप्रैल 2022 को अदालत में हाजिर होने का हुक्म दिया है अनुपस्थिति रहने पर एक पक्षीय रूप से मुकदमे की सुनवाई कर निस्तारण किया जाएगा।

**हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी**
**न्यायालय सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी**
**जनपद कौशांबी**


## ऋतु अनुसार फल एवं भोजन के उपयोग से सेहतमंद शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क होता है : डॉ. तोमर

### महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस में स्वास्थ्य प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार आयोजित

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** छात्रों को सेहतमंद शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क के लिए फास्ट फूड की जगह गिलोय, हल्दी, तुलसी, शंखपुष्पी, अश्वगंधा आदि प्राकृतिक औषधियों को नियमित आहार में शामिल करना चाहिए। जिससे हम प्रकृति के करीब रहकर निरोग बन सकते हैं। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि डॉ जीएस तोमर पूर्व प्राचार्य आयुर्वेदिक कॉलेज हंडिया ने महावीर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस एवं विश्व आयुर्वेद मिशन आरोग्य भारती काशी प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित सेमिनार में कही। डॉ तोमर ने ऋतु अनुसार फल एवं भोजन उपयोग करने पर बल दिया। आरोग्य भारती के सह सचिव डॉ मनीष पांडेय नहीं छात्रों को प्रकृति के संग जीवन जीने की सीख दी। उन्होंने छात्रों से समय से भरपूर नींद लेने संतुलित आहार लेने पर बल दिया। डॉक्टर अजय मिश्रा ने छात्रों को नियमित योग करने की सलाह दी। डॉ अवनीश पांडेय ने औषधियुक्त पौधों के संरक्षण एवं उनके उचित सेवन पर चर्चा की। सेमिनार में डॉ हेमलता, नीतू श्रीवास्तव, मनीष दुबे, इंजी सुनील मिश्रा, मनीष उपाध्याय एवं छात्र शुभम त्रिपाठी, अमित मौर्य तथा आस्था राय ने प्रकृति की खूबियों पर विचार व्यक्त किए। कालेज परिसर में पीपल, गुलमोहर, आम, जामुन, आंवला आदि के पौधरोपण किए गए। अतिथियों को विद्यालय की ओर से अंगवस्त्रम मोमेंटो एवं डायरी तथा पौधयुक्त गमला भेंट किया गया। छात्रों से भी पीपल के पेड़ लगाने की अपील की गई। सेमिनार की अध्यक्षता बीएड प्राचार्य डॉ टीएस सिंह तथा संचालन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजय सिंह ने की।




पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित मुख्य अतिथि व छात्र-छात्राएं

## काल्पनिक हवाई हमले से बचाव का किया गया सजीव प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा नरेन्द्र शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि हवाई हमले/आपदा के दौरान बचाव हेतु नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों के संबंध में अभ्यास/प्रदर्शन के क्रम में चल रहे 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चैथे दिन नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवको द्वारा काल्पनिक हवाई हमले से बचाव का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम हवाई हमले की सूचना मिलते ही क्षेत्र में मैसेंजर के द्वारा तथा सायरनों बजाकर हवाई हमले की सूचना दी गई। जहॉ एक तरफ सामान्य जनजीवन चल रहा था, अचानक मिली सूचना से लोगों में अफरातफरी मचने लगी। दुश्मन के जहाजों ने शहर में बमबारी शुरू कर दी। लोग मृत एवं घायल होने लगे। लोग जहॉ भी थे, तुरंत सुरक्षित स्थान पर शेल्टर लेने लगे व कुछ पेट के बल कानों का हाथ से बंद कर लेट गये। भवन छतिग्रस्त होने लगे व चारों ओर आग लगने लगी। लगभग 15 मिनट के बाद जब दुश्मन के जहाज बमबारी करके चले गये, तब पुनः सायरन बजाकर लोगों को खतरा टलने की सूचना दी गई। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाडियॉ, एम्बुलेंस, रेस्क्यू टीम व सिविल डिफेंस की टीम आदि क्विक रिस्पॉस करते हुये अपने-अपने कार्यों में जुट गये। रेस्क्यू टीम ने सिविल डिफेंस की सहायता से छतिग्रस्त भवनों व मलबे में फंसे लोगों को विभिन्न मैथड से बाहर सुरक्षित निकाला। फायर ब्रिगेड एवं सिविल डिफेस की टीम ने आग पर तेजी से काबू पाया। फर्स्ट एड की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुये एम्बुलेंस पर स्ट्रेचर से लोड कर अस्पताल भिजवाया। उक्त सभी बचाव कार्यों को सिविल डिफेंस की फायर, फर्स्ट एड व रेस्क्यू टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उपनियंत्रक श्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा मॉकड्रिल का कुशल संचालन किया गया। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक श्री राकेश कुमार तिवारी, चीफ वार्डन श्री अनिल कुमार श्री राजीव भनोट, श्री धीरज नागर सहित अन्य प्रखण्डों के डिवीजनल, डि0 डिवीजनल वार्डन, आई0सी0ओ0, स्टाफ आफीसर, पोस्ट वार्डन, सेक्टर वार्डन सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।




## कार्यालय ग्राम पंचायत उजिहनी हसनपुर वि0 ख0 मूरतगंज जनपद कौशाम्बी

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उजिहनी हसनपुर विकास खण्ड मूरतगंज में चौदहवां वित्त,पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर, इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत, आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 29/04/2022 से 04/05/2022 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 05/05/2022 को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

| | |
|---|---|
| **मैकू लाल** | **श्रीमती सना** |
| **पंचायत सचिव** | **ग्राम प्रधान** |
| **उजिहनी हसनपुर** | **उजिहनी हसनपुर** |
| **वि0 ख0 मूरतगंज** | **वि0 ख0 मूरतगंज** |
| **जनपद कौशाम्बी** | **जनपद कौशाम्बी** |

# चचेरे भाई बहनों ने पिता के साथ मिलकर भाभी को पीटा, मौत

## छह इंच जमीन के विवाद में चली गयी विवाहिता की जान

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के गौरा गांव में चाचा और भतीजे के बीच महज छह इंच जमीन को लेकर वर्षों से चल रहे विवाद में आखिर कार आज भाभी जैसे पवित्र रिश्ते का कत्ल हो गया। घटना से गांव का हर व्यक्ति आज हतप्रभ है और आरोपियों को धिक्कार रहा है।

गांव के रवि कुमार मौर्य उर्फ बब्लू अपने घर के बगल पशुशाला बनाने के लिए दो आरसीसी पिलर बना रखे थे जिसको लेकर उसके चाचा कमला कान्त मौर्या व उसके घरवालों को ऐतराज था। उनका आरोप था कि रवि ने छह इंच बढाकर पिलर बना लिया है। दो सप्ताह पहले दिल्ली से कमला कान्त मौर्या व उसका बेटा राजकुमार मौर्या गांव आया तो मामला फिर तूल पकड़ लिया।



विवाहिता की मौत पर रोते-बिखलते परिजन।

गुरुवार की सुबह बहस के दौरान रवि ने कहा कि मैं अपने पिलर को गिरा देता हूँ और आप भी मेरे घर से सटे अपने खपरैल को हटा लो। बातचीत के बाद रवि सुबह करीब दस बजे दरवाजे के बगल बने उक्त विवादित पिलर को गिराने लगा। इसी बीच कमला कान्त,उसका बेटा राजकुमार व उसकी बेटी शालू व डाली एक राय होकर पिलर खोद रहे रवि से भिड़ गयी और उसे मारने लगीं। पति को पिटता देख उसकी पत्नी संगीता (32) वर्ष बीचबचाव करने दौड़ी तो हमलावर उस पर टूट पड़े और उसे पटक पटक कर मारना शुरू कर दिए। मारपीट के दौरान उसके सिर व शरीर में अंदुरुनी चोटे लग गयी जिससे वह मौके पर ही गिर कर बेहोश गयी। रवि जब तक उसे अस्पताल ले जाता, उसकी मौत चुकी थी। संगीता की मौत देख आरोपी बाप बेटे तो भाग निकले लेकिन दोनों बेटियां भागने में कामयाब नही हो सकी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बिजली के खम्भे से जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रजवापुर अब्दुल वाहिदगंज निवासी आशीष यादव उर्फ राजू यादव आउटर छोटेलाल (30) वर्षीय बुधवार की देर रात बाइक से अपनी मां की दवा लेकर कुसुवापुर बाजार से वापस घर लौट रहा था कि घर से कुछ दूरी पर ट्रक को क्रॉस करते समय बाइक कच्ची में सड़क किनारे लगे बिजली के खम्भे से जोरदार टक्कर हो गई जिससे आशीष की मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची संग्रामगढ़ पुलिस शव की लिखा पढ़ी करके पी एम को भेजा। मृतक आशीष चार बहनों के बीच का इकलौता भाई था जिसके दो पुत्री है।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की हुई मौत

## मौसी के घर मामा के लड़के के साथ जाते हुई दुर्घटना

अखंड भारत संदेश

**कोहंडौर, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सूर्यगढ़ के लाखीराम हरिजन (56) पुत्र धानु हरिजन बुधवार को शाम 4 बजे करीब अपनी पत्नी जग देवी को बता कर मौसी के घर सकरौली थाना रानीगंज अजगरा निमंत्रण गए थे। उनके साथ उनके मामा के लड़के फूलचंद निवासी डिहवा भूपियामऊ भी थे। दोनों लोग साथ में बाइक से गए थे। घर पर बताया था कि देर होगी तो वहीं रुक जाएंगे। मौसी के घर वैवाहिक कार्यक्रम जाते समय सात बजे करीब मोहनगंज बाजार से आगे मुकुल ढाबे के पास हाईवे रोड पर बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर स्थानीय लोग व मोहनगंज पुलिस की टीम दोनों लोगों को जिला मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डॉक्टरों ने लाखीराम 56 पुत्र धानु हरिजन व उनके मामा के लड़के फूलचंद को मृतक घोषित किया। मृतक लाखीराम के तीन बेटे नंदलाल,संतलाल व ननका एवं एक बेटी अनारा देवी है। सभी की शादी हो चुकी है। मृतक की पत्नी का नाम जगदेई है। शव पोस्टमार्टम हाउस में है घर पर जानकारी होने पर कोहराम मचा हुआ है।

## अनियंत्रित जीप विद्युत पोल से टकराई, चालक की मौत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरूवार को कुंड़ा से आ रही सवारी से भरी जीप शीतलमऊ के पास अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। घटना में एक चालक की मौत हो गई वही कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। एक की हालत नाजुक देखकर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। गुरूवार को दोपहर में सवारी लेकर एक जीप कुंडा से लालगंज आ रही थी। जैसे ही वह नगर स्थित शीतलमऊ के पास पहुंची कि अचानक उसकी स्टेरिंग फेल हो गई और वह अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई, जिसमें बैठे चालक अजय कुमार तिवारी (53) पुत्र लता प्रसाद तिवारी हिसामपुर, मनगढ़, नेहा यादव (20) पुत्री शिवमूरत यादव पूरे भारत जसमेढ़ा, नीमुल (19)पुत्र इद्रीश उधरनपुर, लालगंज, सन्नू (50) पत्नी भीम सिहं हथवा,संग्रामगढ़ व मालती (60) पत्नी शिवनंद पाल दिनऊ का पुरवा, संग्रामगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने सभी को ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने चालक अजय को मृत्यु घोषित कर दिया। वही गंभीर रूप से घायल मालती का प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# बैठक में नगरीय विकास से जुड़ी योजनाओं को मिली मंजूरी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक में स्वच्छता, पेयजल, मार्ग प्रकाश समेत विभिन्न योजनाओं से जुडे वर्ष-2022-23 का बजट आम सहमति से मंजूर किया गया। गुरूवार को नगर पंचायत कार्यालय के अध्यक्ष सभाकक्ष में हुई बैठक में सभासदों ने नगर विकास से जुड़े प्रस्ताव सौंपे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने सभासदों से लालगंज को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा देने के लिए जनसुविधाओं में पारदर्शिता के लिए सहयोग मांगा। चेयरपर्सन अनीता ने कहा कि सभासदों की भावनाओं के अनुरूप नगरवासियों को बेहतर जनसुविधा प्रदान किया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। बैठक मे सर्वसम्मत से नगर पंचायत के अर्न्तगत सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराए जाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। इसके तहत कार्यदायी संस्था को सरकारी जमीनों पर पिलर व तार लगवाए जाने के निर्देश दिये गये। बाजार खास में लोगों की सुविधा के लिए क्षौरकर्म के लिए स्थान चिन्हित कर निर्माण कराए जाने पर भी बैठक मे मुहर लगी। नपा बोर्ड बैठक मे मार्ग प्रकाश मे बढोत्तरी के लिए मार्गो पर स्ट्रीट लाइट तथा सार्वजनिक चैराहों पर हाईमास्ट लगाए जाने का भी प्रस्ताव पारित हुआ।

# रानीगंज कैथौला बाजार में दो माह से खोदी नाली बनी परेशानी

## सीडीओ का निर्देश का भी नहीं हो रहा पालन, मार्ग पर स्थित है आधा दर्जन विद्यालय

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीडीओ के निर्देश के बावजूद सड़क के किनारे खोदी गई नाली का निमार्ण नहीं शुरू हो सका। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार लोग मौन साधे हुए है। खोदी नाली में राहगीरों के साथ ही मवेशी गिर कर चुटहिल हो रहे हैं।

स्थानीय विकास खण्ड के कौशिल्यापुर में दो माह पूर्व रानीगंज कैथौला बाजार में लखनऊ राजमार्ग से लावाना राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क के किनारे जल निकासी के निदान के लिए पक्की नाली के निमार्ण के लिए खोदाई कार्य सुरू किया गया। आधी-अधूरी खोदाई करा कर ठेकेदार भाग खड़े हुए। बाजार वासियों ने मामले की शिकायत ब्लाक के अधिकारियों से की लेकिन कोई असर नही हुआ। शिकायत को सीडीओ ने संज्ञान में लेते हुए बीडीओ को जांच का आदेश दिया। ब्लाक अधिकारी की जाँच में मामला सही पाया गया। खण्ड विकास अधिकारी ने जल्द ही कार्य को शुरू कराने का आश्वासन दिया लेकिन एक माह बीत जाने के बाद समस्या की ओर किसी ने मुड़ कर नही देखा। अधिकारी व ठेकेदार की मनमानी की वजह से बाजार वासियों के साथ ही राहगीरो व मार्ग पर स्थित आधा दर्जन स्कूल के छात्र-छात्राओ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन मवेशी व राहगीर गिर कर चुटहिल हो रहे है।जल भराव के कारण संक्रामक भी फैलने का खतरा बना हुआ है। इस सबंध में खण्ड विकास अधिकारी अस्वनी सोनकर भी अब इस समस्या पर कोई जबाब नही दे रहे है।



रानीगंज कैथोला बाजार में बदहाल स्थिति में सड़क।

## कार ट्रैक्टर की भिड़ंत में विकलांग सहित चार घायल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गाव निवासी अमरनाथ (40) वर्षीय ट्रैक्टर पर अपने साथ राजा उर्फ अनिल (विकलांग) (20) वर्षीय के साथ मोरंग लादकर बेचने के लिए बाजिदपुर की तरफ जा रहे थे कि थाना क्षेत्र के हरदेवनगर में बाजिदपुर की तरफ से आ रही कार की ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत हो गयी जिसमे कार में सवार चालक शेरचन्द (35) वर्षीय कुसुवापुर निवासी व सौरभ मौर्या (20) वर्षीय फतेहापुर रायबरेली घायल हो गए। घटना स्थल पर पहुंची नवाबगंज पुलिस चारो घायलो को सीएचसी कालाकांकर ले गईं जहाँ खतरे से बाहर होने की बात चिकित्सक संदीप ने कही टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर का इंजन ट्राली से कपलिंग तोड़कर पलट गया अचानक हुई घटना से आस पास के लोगो मे हड़कम्प मच गया।

## बैंक में सेंध लगाकर घुसे चोरों ने लाकर तोड़ने का किया प्रयास

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चोरी करने के इरादे से बैंक में दो चोरों ने बैंक के पीछे की दीवार काटकर बैंक के अंदर घुस गए। उसके बाद काफी मशक्कत के बाद लाकर को तोड़ने की कोशिश किया लेकिन हैंडल टूट गया लेकिन लाकर नहीं टूटा। इस दौरान चोरों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई सुबह बैंक मैनेजर मामले की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के करैला बाजार में पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा है। जहां से ग्राहक अपना लेनदेन करते हैं। बीती बुधवार की रात लगभग भोर में चार बजे बाजार में स्थित बैंक के पीछे की दीवार को दो चोरों ने सेंध काटकर बैंक के अंदर प्रवेश कर गए। बैंक में चलते फिरते उनकी कई हरकतों को सीसीटीवी कैमरे ने कैद कर लिया। बैंक में चोरों ने लाकर का हैंडल तोड़ डाला। बैक का लाकर भी तोड़ने की असफल कोशिश बदमाशों ने की लेकिन असफल रहे। इसके बाद बैंक में अन्य जगहों पर भी दोनों चोर घूमते दिखाई दे रहे हैं। दोनों के चेहरे पर ना तो मास्क है और न ही गमछा। बेखौफ बदमाशों ने थोड़ी देर के बाद असफल होने पर वहां से निकल गए। सुबह के समय जब शाखा प्रबंधक भोलानाथ सरोज ने बैंक खोला तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। इसकी सूचना उन्हें तत्काल पुलिस को दिया। बैंक में लगा हुआ सीसीटीवी फुटेज पुलिस की मौजूदगी में निकाला गया तो दोनों चोरों की हरकत साफ साफ दिखाई दे रही है। पुलिस तहरीर लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

## वसूली करने गए विद्युत संविदाकर्मियों को ग्रामीणों ने दौड़ाया

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के दिलीपपुर विद्युत उपकेंद्र पर नीरज कुमार बिंद टीजीटू पोस्ट पर संविदा कर्मी के रूप में तैनात है। शासन के निर्देश पर इस समय 10 हजार रुपये से अधिक बिल नहीं जमा करने वाले बकायेदारों पर वसूली करने का निर्देश है। विद्युत महकमे द्वारा निर्देश मिलने पर दिलीपपुर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात टीजीटू नीरज कुमार बिंद अपने साथी संविदा कर्मी बसंत लाल, अतुल पांडे, राम शिरोमण, राधेश्याम, नंदलाल के साथ कंधई थाना अंतर्गत गढ़वा दिलीपपुर मुस्लिम बस्ती में पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान खाता संख्या मांगने पर उपभोक्ता गालियां देते हुए मारने पीटने पर उतारू हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसने जब बिल जमा करने की बात कही तो गांव के लोग मारपीट परांदा हो गए और सरकारी काम में बाधा डालते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ा लिए। इस संबंध में पीड़ित ने चौकी इंचार्ज दिलीपपुर में शिकायती पत्र देकर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस शिकायत पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ईदगाह की सफाई में नगर पालिका ने लगाए 60 सफाई कर्मी

## ईदगाह के चारों तरफ हुआ चूने का छिड़काव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के भुलियापुर की प्रमुख ईदगाह में आज गुरुवार को नगर पालिका ने 60 सफाई कर्मचारियों को लगाकर पूरे परिसर में फैली पत्तियों व घासों को हटाने का कार्य किया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में यह सफाई अभियान शुरू किया गया।



ईदगाह में साफ-सफाई करते नगर पालिका के सफाई कर्मचारी।

बता दें कि ईद के दिन बड़ी संख्या में लोग यहां एकत्र होते हैं और ईद की नमाज अदा की जाती है। इसके बाद लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं और बच्चों के लिये मेले का आयोजन किया जाता है। सफाई निरीक्षक ने बताया कि चार मैजिक गाड़ी लगाकर विधिवत सफाई कराई गई। वैसे नगर पालिका हर वर्ष ईदगाह की सफाई कराकर चूने का छिड़काव करती है। इसी परम्परा को निभाते हुए आज बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी दूसरे पहर तक सफाई कार्य में जुटे रहे।

## ईंट-भट्ठा मालिक को पुलिस के सामने मजदूरों ने धुना

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरे बसहू गांव का रहने वाला अविनाश तिवारी पुत्र दयाशंकर पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरेधना गांव में ईट भट्ठा का संचालन करता है। ईंट भट्ठे पर पर छत्तीसगढ़ से आए हुए मजदूर काम करते हैं। पट्टी कोतवाली पहुंचे पीड़ित ईट भट्ठा मालिक अविनाश तिवारी ने बताया कि गुरुवार को नौ बजे एक दर्जन मजदूरों के भट्ठा छोड़ने की सूचना पर उनसे बात करने के लिए वह उनके पास पहुंचा और भट्ठे पर काम करने के लिए कहने लगा तो मजदूर एडवांस रुपया मांगने लगे।

# मिलकर कदम बढ़ाना है, कोरोना को फिर हराना है: इमरान

## न्यू रिवरडेल पब्लिक स्कूल में टीकाकरण कैम्प का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** न्यू रिवरडेल पब्लिक स्कूल, नरसिंहभान का पुरवा में गुरुवार को स्कूल द्वारा कोरोना टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया। टीकाकरण का शुभारंभ स्कूल के मैनेजर मो0 इमरान खान द्वारा किया गया। कैम्प में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान मो0 इमरान ने कहा कि कोरोना ने फिर से अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। इससे हम सबको सचेत रहना होगा। साथ ही अपने बच्चों पर सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा। इस दौरान लोगों को शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिये स्कूल के प्रबंधक द्वारा शपथ दिलाई गई। इस दौरान 12 वर्ष से ऊपर की आयु के सभी लोगों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान बूस्टर डोज लगवाने वालों की भी भीड़ रही। टीकाकरण करने वाली टीम में सुनील कुमार सिंह, बीएचडब्ल्यू संगीता पटेल व पूनम सिंह का सहयोग रहा। टीकाकरण कैम्प में स्कूल की सह प्रबंधिका सादिया खान, प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, शिक्षिका पूनम सिंह, सुमन श्रीवास्तव, निधि गुप्ता, तराना, सानिया, मंतशा, तय्यबा, जैनब, प्रवेश उपाध्याय, मारुत राय, करन शर्मा, श्रीराम मिश्रा, अनवर हुसैन खां आदि का सहयोग रहा।



न्यू रिवरडेल पब्लिक स्कूल में टीकाकरण कराती छात्रा।

# अघोषित विद्युत कटौती से पट्टी में मचा हाहाकार

## अंधाधुंध बिजली कटौती से लोग बेहाल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील में लगातार अंधाधुंध अघोषित विद्युत कटौती से लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। बुधवार को दिन में महज कुछ घंटे बिजली सप्लाई हुई तो रात का भी कमोवेश यही हाल रहा। रात के समय में महज दो-तीन घंटे बिजली उपलब्ध हो पाई। नगर से गांव तक बिजली कटौती को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। विद्युत आपूर्ति के नाम पर महज से 7 से 8 घंटे विद्युत आपूर्ति हो रही है। उत्तर प्रदेश में बिजली संकट का असर पट्टी तहसील पर भी व्यापक रूप से पड़ रहा है। पट्टी नगर के रहने वाले कई व्यापारी बिजली की समस्या को लेकर काफी परेशान है। लगातार बिजली की आंख मिचैली और ट्रिपिंग हो जाने के कारण कुछ भी कहना मुश्किल होता है कि बिजली कब तक रहेगी और कब चली जाएगी, पट्टी नगर में बुधवार को काफी देर तक बिजली नहीं थी।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार......**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** इस संबंध में पट्टी एसडीओ एसबी प्रसाद से बात करने पर उन्होंने बताया की बिजली संकट पूरे प्रदेश में है। बढ़ती हुई गर्मी से तथा बिजली की अधिक खपत से ओवरलोड हो जाने से भी यह समस्या आ रही है। कई जगह समस्या तो फाल्ट हो जाने से हो जाती है जिसके कारण विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती है।



प्राथमिक विद्यालय सरयू नगर का निरीक्षण करते एसडीएम कुण्डा।

## प्राथमिक विद्यालय सरयू नगर का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा तहसील क्षेत्रों में गिरती शिक्षा ब्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए गुरुवार की सुबह कुंडा उपजिलाधिकारी सतीशचन्द त्रिपाठी तहसील के कस्बे के प्राथमिक विद्यालय सरयू नगर का औचक निरीक्षण करने पहुचे उपजिलाधिकारी के विद्यालय पहुचते ही स्कूल में हड़कम्प मच गया। स्कूल में निरीक्षण के बीच कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को एक शिक्षक की तरह पढ़ाया और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को जांचा व परखा और मौजूद शिक्षकाओ से शिक्षण के स्तर को सुधराने की बात कही गुरुवार को मीनू में सब्जी की गुणवत्ता पर टमाटर की मात्रा अधिक होने पर रसोइया को फटकार लगाई और स्कूल के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि बच्चों को विटामिन युक्त हरे पत्तेदार सब्जियां और सीजन की हरी भरी सब्जियां खिलाई जाय बच्चों के भोजन में किसी प्रकार की खामियां बर्दाश्त नही की जाएगी।

# तीन स्टेशन अधीक्षक समेत चार रेल कर्मियों का तबादला

## अधिकारियों के प्रभारी एसएस शमीम की भी कुर्सी गई, एसपी पांडे विश्वनाथगंज और आरसी ओझा अंतू के एसएस बने

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के दो अधीक्षक समेत चार रेलकर्मियों का ट्रांसफर हुआ है जिसमें परिचालन अधिकारियों के चहेते प्रभारी एसएस शमीम अहमद का भी नाम है। ट्रांसफर लिस्ट आने के बाद हड़कंप मचा हुआ है।

परिचालन विभाग ने लखनऊ मंडल ने करीब दो सौ कर्मचारियों की सामायिक ट्रांसफर लिस्ट जारी की हैं।

जिसमें प्रतापगढ़ स्टेशन के चार कर्मचारियों का नाम भी है। लिस्ट में प्रभारी एसएस शमीम अहमद, एसएस एसपी पांडेय, आरसी ओझा और कमर मोहम्मद का नाम शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार ट्रान्सफर लिस्ट 27 अप्रैल को जारी हुई।

**लिस्ट में प्रभारी एसएस शमीम अहमद, एसएस एसपी पांडेय, आरसी ओझा और कमर मोहम्मद का नाम शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार ट्रान्सफर लिस्ट 27 अप्रैल को जारी हुई। 28 को प्रतापगढ़ में लोगों को इसकी जानकारी हुई।**

28 को प्रतापगढ़ में लोगों को इसकी जानकारी हुई। लिस्ट के अनुसर शमीम चिलबिला, कमर जगेसरगंज, एसपी पांडे विश्वनाथगंज और और आरसी ओझा का अंतू स्टेशन के लिए ट्रांसफर हुआ है। खास बात एस एस प्रतापगढ़ शमीम की है। जो परिचालन के अधिकारियों के चहेते है।

उनको भी हटा दिया गया है। इनके स्थान पर एलबीराम सुरियावां, परवीन सिंह गौरीगंज, मुकेश वर्मा जगेसरगंज और आब्दी का विश्वनाथगंज से प्रतापगढ़ के लिए ट्रान्सफर हुआ है। ये लोग तैनाती वाले स्थान पर ज्वाइन करेगें कि नहीं यह तो समय बतायेगा, लेकिन न जाना पड़े इसके लिए जुगाड़ में लग गए हैं।

# पुलिस से शिकायत के बाद महिलाओं पर प्राणघातक हमला

## हमलावरों के परिवार का पुलिस अभिलेखों में आपराधिक इतिहास से है लम्बा रिश्ता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना पुलिस से बुधवार की सुबह शिकायत करने के बाद उसी दिन शाम को महिलाओं पर आरोपियों ने प्राणघातक हमला कर 2 महिलाओं को लहूलुहान कर दिया है प्राणघातक हमले की शिकायत भी लेकर घायल महिलाएं कोखराज थाना पुलिस के पास पहुंची लेकिन फिर भी खून से लथपथ महिलाओं की पीड़ा को दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी का साहस कोखराज पुलिस नहीं कर सकी है जिस पर खून से लथपथ पीड़ित महिलाएं पुलिस कप्तान कार्यालय पहुँची हैं और शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है फरियाद सुनने के बाद उन्हें फिर कोखराज थाने भेज दिया गया है महिलाओं पर हमला करने वाले लोगों के परिवार का लंबा अपराधिक इतिहास पुलिस अभिलेखों में दर्ज है कोखराज पूरामुफ्ती प्रयागराज सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में डकैती लूट हत्या जानलेवा हमला सहित विभिन्न अपराध दर्ज होने के बाद आरोपियों पर कार्यवाही करने का साहस कोखराज पुलिस फिर भी नहीं कर पा रही है जिससे योगीराज में पुलिस की निरंकुशता का अंदाजा लगाया



हमले में घायल मां बेटी

जा सकता है। गौरतलब है कि गाजियाबाद की रहने वाली नीतू पांडेय पुत्री अशोक नाथ शुक्ला की शादी कोखराज थाना क्षेत्र के नौढिया गांव में 12 वर्ष पहले हुई थी आए दिन मायके से दहेज लाने के लिए नीतू पांडेय के साथ मारपीट गाली-गलौज किया जाता है मामले की सूचना नीतू पांडेय ने अपनी माता को गाजियाबाद में फोन से दिया जिस पर परिवार के विवाद को सुलझाने उसकी माता बिट्टन शुक्ला भी बेटी की ससुराल नौढिया 26 अप्रैल को पहुंच गयी 27 अप्रैल की सुबह बिट्टन शुक्ला और नीतू पांडेय को फिर गाली गलौज कर मारपीट किया गया मामले की शिकायत लेकर मां बेटी कोखराज थाने पहुंची जहां पर पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय मां बेटी को डांट कर भगा दिया थाने से वापस आने के बाद मां बेटी पर उसी दिन शाम को जानलेवा हमला कर दिया गया डंडों से बेरहमी से दोनों को पीटा गया मां बेटी दोनों खून से लथपथ हो गयी घायलों का पुलिस ने जिला अस्पताल में इलाज कराया घायल अवस्था में मां बेटी कोखराज थाने पहुंची और मामले की सूचना कोखराज पुलिस को दी लेकिन हमलावरों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी करना उचित नहीं समझा जिस पर 28 अप्रैल को पीड़ित मां बेटी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और शिकायती प्रार्थना पत्र देकर हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की है खबर लिखे जाने तक हमलावरों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है जबकि हमलावरों के परिवार का लंबा अपराधिक इतिहास पुलिस अभिलेखों में दर्ज है।

# मामूली बात पर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे आधा दर्जन लहूलुहान

## अझुवा कस्बे में नाली के विवाद को लेकर हुआ हमला

अझुवा कौशांबी सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे में नाली में पानी बहाव के विवाद को लेकर अधिशासी अधिकारी मौके पर मामले को सुलझाने पहुंचे थे और नाले के बहाव के रास्ते की बातचीत हो रही थी इसी बीच कस्बे के शारदा प्रसाद वर्मा पुत्र लखन लाल वर्मा व सागर सोनी पुत्र राम कुमार सोनी के बीच विवाद होने लगा देखते देखते विवाद बढ़ गया है और दोनों पक्षों से लाठी-डंडे से लैस लोगों ने एक दूसरे पर हमला बोल दिया बीच बचाव करने पहुंचे लोगों को भी लाठी डंडे से पीटा गया है एक दूसरे पर जमकर ईट पत्थर बरसाए गए हैं जिससे दोनों पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों को चोटे आई हैं इस हमले में बबलू सोनी कमल सोनी अशोक सोनी शिवानी सोनी सुनीता सोनी शारदा वर्मा सागर सोनी सत्यम सोनी शिवम सोनी सहित कई लोग लहूलुहान है दोनों पक्ष के लोगों ने मामले की तहरीर स्थानीय पुलिस को दी है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है हमले को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची है।



# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

## साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों/कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने के निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान नाजिर को कलेक्ट्रेट बेहतर साफ-सफाई, नालियों की सफाई एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट में कहीं पर गन्दगी एवं जल-जमाव न दिखने पायें। उन्होंने विभिन्न कार्यालयों/पटलों के निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने एवं शासकीय कार्यों को निष्पादित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने कार्यालय को साफ-सुथरा एवं अभिलेखों को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने नाजिर को टूटे एवं निष्प्रयोज्य फर्नीचर/कुर्सी, मेज एवं कूलर आदि की मरम्मत/नीलामी कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने वाटर कूलर को भी ठीक कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# 27 अप्रैल से 15 मई तक कौशाम्बी में धारा-144 लागू

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट जयचन्द्र पाण्डेय ने अवगत कराया कि जनपद कौशाम्बी में शान्ति-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है। वर्तमान समय में कोविड-19 के नये वेरियन्ट (ओमिक्रोन) के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के दृष्टिगत गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन्स का पालन कराते हुए ईद-उल-फितर एवं परशुराम जयंती जो इस वर्ष दिनांक 03 मई 2022 को मनायी जायेंगी, को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराया जाना है। ऐसी स्थिति में जनपद के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था, जनसुरक्षा कायम करने के उद्देश्य से द0प्र0सं0 1973 की धारा-144 के अधीन कार्यवाही करने के लियें पर्याप्त एवं समुचित विधिक आधार विद्यमान है तथा विधि व्यवस्था एवं परिशान्ति तथा लोक व्यवस्था एवं जन सुरक्षा को कायम करने के लिए जनहित में उक्त वर्णित परिस्थितियों का तत्काल विधिक निवारण वांछनीय एवं अपरिहार्य हो गया है। यह आदेश जनहित में तत्काल पारित किया जाना आवश्यक है और समय की कमी के कारण सभी पक्षों को सुना जाना अथवा सभी व्यक्तियों पर व्यक्तिगत तामीला सम्भव नहीं है। यह आदेश एक पक्षीय रूप में पारित किया जा रहा है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन जीवन एवं लोक सम्पत्ति की हानि, हिंसा, बल्वा आदि के नियंत्रण/निवारण एवं जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जन सुरक्षा कायम करने तथा कोविड-19 (कोरोना वायरस) के नये वेरियन्ट (ओमिक्रोन) संक्रमण के फैलने से रोकने एवं बचाव के उद्देश्य से निषेधाज्ञा जारी किया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि सामान्य परिस्थितियों को छोड़कर जनपद कौशाम्बी के सीमा क्षेत्र में किसी भी स्थल पर 05 या 05 से अधिक व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह जिनके क्रिया-कलापों से लोक/शान्ति व्यवस्था एवं जन सुरक्षा प्रभावित हो, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र तथा आग्नेयास्त्र (फायर आर्म्स) धारदार हथियार या कुंद वस्तुएं, जिन्हें फेंककर प्रहार किया जा सकता है, को लेकर न चलेगा और न ही एकत्रित करेगा। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात पुलिस, पी0ए0सी0, पी0आर0डी0 एवं होमगार्डस तथा सरकारी कर्मचारियों, रोगियों, अपंग व्यक्तियों पर जो सहारें के लिए लाठी, डण्डा का प्रयोग करते हैं, लागू नहीं होगा। किसी भी व्यक्ति समुदाय या संगठन द्वारा जन समुदाय को एकत्रा करने का प्रयास नहीं किया जायेगा। जनपद में किसी भी व्यक्ति/संस्था/संगठन द्वारा प्रेसवार्ता या अन्य किसी कार्यक्रम के माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक सामंजस्य को बिगाड़ने का प्रयास नहीं किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी को न तो जबरिया दबाव डालकर दुकान, कार्यालय, व्यवसाय-स्थल, परिवहन, रेल यातायात बन्द कराने के लिए बाध्य करेगा और न स्वयं बन्द कराने का प्रयास करेगा। कोई भी व्यक्ति परम्परागत त्योहारों, जलसों, जुलूसों, सामाजिक एवं धार्मिक उत्सवों का आयोजन भी इस प्रकार नही करेगा, जिसमें किसी प्रकार के उत्तेजनात्मक नारें लगाये जायेंगे। दो पहिया वाहनों पर दो से अधिक व्यक्ति तथा अन्य वाहनों पर निर्धारित यात्रियों से अधिक यात्रा नहीं करेगा। धार्मिक स्थलों के आस-पास मांस/गोश्त न ही बेचेगा और न ही फेंकेगा। कोई भी व्यक्ति/समूह ध्वनि विस्ताकर यंत्र, लाउड स्पीकर, साउण्ड बॉक्स, डी0जे0 अथवा जनता को सम्बोधित करने वाली अन्य प्रणाली का प्रयोग सक्षम मजिस्ट्रेट की बिना पूर्वानुमति प्राप्त किये किसी भी सार्वजनिक स्थल या अन्य किसी स्थान पर नहीं करेगा किसी भी पूजा-पण्डाल अथवा धार्मिक स्थल पर भड़काऊ, अश्लील गाने व डी0जे0 का प्रयोग नहीं किया जायेगा तथा नृत्य आदि का आयोजन प्रतिबन्धित होगा। जनपद कौशाम्बी की सीमा क्षेत्र में आयोजित किसी भी परीक्षा केन्द्र के 200 मी0 की परिधि में 05 या 05 से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि यह आदेश जनपद कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में एवं जनपद कौशाम्बी में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर दिनांक 27.04.2022 से दिनांक 15.05.2022 तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी होगा। विशेष परिस्थितियों में उक्त अवधि में इन आदेशों को संशोधित, परिवर्तित अथवा समाप्त किया जा सकता है। इन आदेशों का अथवा इसके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# एसडीएम चायल के चालक की दबंगई ईओ भरवारी को देख लेने की दी धमकी

## एक ही वर्ग विशेष के दो लोगो के बीच नाली विवाद का मामला

## मामला को शांत कराने के लिए कस्बा के कुछ संभ्रांत लोगो ने भी की सुलह की बात मौके पर पहुचे नगर के अधिशाषी अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के एक ही वर्ग विशेष के दो पक्ष आमने सामने रहने वाले लोग अपने अपने घर के सामने से नाली नही ले जाने दे रहे थे जिसके चलते नगर पालिका भरवारी के अधिशाषी अधिकारी मौके पर पहुच नाली निर्माण को देखा सुना और यह कहते हुए कि नाली को बीचो बीचो से बनवा दो जिससे दोनों के बीच विवाद खत्म हो जाए यहा यह भी बताना अति आवश्यक है प्रथम पक्ष हजारी लाल निवासी नया बाजार जो एसडीएम चायल के गाड़ी का चालक है वही दूसरा पक्ष शैलेन्द्र कुमार उर्फ पन्नू केशरवनी दोनो का घर आमने सामने बना हुआ है। चूंकि प्रथम पक्ष उप जिलाधिकारी का चालक है तो सर चढ़ कर बोलना लाजमी है आखिर उप जिलाधकरी का चालक जो ठहरा उसको किसी की बातों को मानना उसकी तौहीन होगी । इसी को देखते हुए अधिशाषी अधिकारी गिरीश कुमार मौके पर पहुच कर स्थित को देखते हुए न्यायोचित निर्णय देते हुए बीचो बीचो नाली बनवाने का आदेश दिया जिसपर चालक नगर पालिका भरवारी आफिस बुधवार को गया और ऑफिस जाते ही उसने अधिषासी अधिकारी को अपने पक्ष में काम कराने को कहा जिस पर उन्होंने असमर्थता ब्यक्त की इतनी बात पर उक्त चालक ने चेतावनी देते हुए देख लेने की बात कही उससे आहत गिरीश कुमार ने बताया कि मैं इसके विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट करूंगा अब सवाल उठता है कि एक अधिकारी को धमकी देने वाले चालक को किस नियम के तहत एसडीएम कार्यालय में नियुक्त किया गया है चचाओं पर जाएं तो या चालक आए दिन लोगों को धमकी देकर परेशान करता है धन उगाही का भी उस पर लगातार आरोप है आरोपी चालक पर क्या उप जिलाधिकारी कार्यवाही करेंगे।

# आवास लाभार्थी के बैंक खाते से निकल गई रकम दर्ज हुआ मुकदमा

## 5 वर्ष बीत जाने के बाद आरोपियों को नहीं खोज पाई कड़ा धाम कोतवाली पुलिस

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव निवासी कांति देवी को आवास योजना के तहत सरकार ने लाभ दिया था उनके बैंक खाते में आवास की रकम पहुंचने के बाद दलाल और बैंक मैनेजर ने मिलकर लाभार्थी के खाते से रकम निकाल ली मामले की शिकायत अधिकारियों से हुई जांच कराई गई जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि आवास लाभार्थी कांति देवी के साथ धोखाधड़ी हुई है जिस पर सैनी कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 379 सन 2017 में धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज तो हो गया बाद में मुकदमा की विवेचना की जिम्मेदारी कड़ाधाम कोतवाली पुलिस को सौंप दी गई लेकिन 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के गिरेहबान तक पुलिस के लंबे हाथ नहीं पहुंच सके हैं इसी बीच विवेचक ने आरोपियों को बचाना शुरू कर दिया विधि विज्ञान प्रयोगशाला अभिलेख भेजे गए आरोप है कि मूल अभिलेखों को बदल दिया गया 5 वर्षों से लगातार पीड़ित परिवार पुलिस की चौखट पर न्याय की फरियाद कर रहा है लेकिन तमाम साक्ष्य मौजूद होने के बाद आरोपियों पर 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी रत्ती भर कार्यवाही नहीं हो सकी है।

# आधा दर्जन असलहों से लैस दबंगों ने सरकारी भूमि पर किया कब्जा

## जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ग्राम सभा की भूमि से कब्जा हटाने की मांग

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम ग्राम गोपसहसा के मजरा बंधवा के गाटा संख्या 217 ग्राम सभा की पुरानी आबादी है जो अभी कुछ महीने पहले तक खाली पड़ी थी जिस पर बेरौचा के वेद प्रकाश त्रिपाठी पुत्र सत्यदेव त्रिपाठी अपने कारिंदा मणि शंकर पांडेय पुत्र जगन्नाथ सत्यदेव पुत्र मणिशंकर निवासी गोपसहसा वा शिव दत्त त्रिपाठी पुत्र प्रकाश त्रिपाठी वा ब्रह्म शक्ति त्रिपाठी पुत्र ऋषभ देव त्रिपाठी और ऋषभ देव त्रिपाठी पुत्र त्रियुगी नारायण त्रिपाठी निवासी बेरौचा आधा दर्जन से अधिक असलहा लेकर सरकारी भूमि पर जबरिया अवैध कब्जा कर लिए हैं शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त सरकारी भूमि जिसको यह सब लोगों ने मिलकर के बाउंड्री के अंदर कर लिया है गांव सभा के 8 बिस्वा जमीन पर सार्वजनिक कुआँ मौजूद था जिस पर इन दबंगों ने जबरिया कब्जा कर लिया है शिकायतकर्ता अमित त्रिपाठी ने बताया कि कब्जा की गई जमीन से इन दबंगों का गांव 5 किलोमीटर दूर बेरौचा गांव में है अमित त्रिपाठी का कहना है कि दबंग इस गांव में कभी बसे नहीं थे और इस जमीन के इनके पास कोई अभिलेख नहीं है फिर भी जबरिया जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे हैं जमीदारी उन्मूलन के बाद भी इन पर कार्यवाही नहीं हुई है जमींदारों से अवैध कब्जे से सरकारी भूमि को मुक्त कराया जाए और सरकारी जमीन पर कब्जा करने के आरोप पर इन दबंगों पर मुकदमा दर्ज किया जाए इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# न्यूज झरोखा

### आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत फसल बीमा पाठशाला का किया गया आयोजन



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज फसल बीमा पाठशाला का आयोजन कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किया गया जिसमे कैबनेट कृषि मंत्री और राज्य कृषि मंत्री ने संबोधित किया जिसका सीधा लाइव टेलीकास्ट कौशाम्बी जनपद के सभी ग्राम पंचायत ,के साथ साथ ब्लाक के प्रमुख कमान सर्विस सेंटर और जिला मुखालय पर जिला प्रशासन ,सीएससी और नामित बीमा कंपनी यूनिवर्सल सोम्पो के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया गया कृषि विभाग से कृषि उपनिदेशक उदय भान सिंह गौतम और ,सीएससी के जिला प्रबंधक चंद्र कुमार सर्वेश कुमार और नामित बीमा कंपनी के माध्यम से किसानो को पीएम किसान में ई केवाईसी ,किसान मानधन योजना में पंजीकरण किसान क्रेडिट कार्ड के लिये आवेदन आदि के लिए जागरूक किया गया।

### सेंध काटकर नकदी सहित लाखों का माल चोरों ने समेटा



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा भैरायें मे रात एक किसान के घर चोरों ने धावा मारकर लाखों का माल पार कर दिया है। गोवर्धन मौर्य पुत्र स्व राम धनी मौर्य के घर के पीछे स्थित दीवार बीम के नीचे दीवार पुराई हुई मिट्टी से सेंध काटकर घर मे घुसे अज्ञात चोरों ने 60 हजार से ऊपर की नकदी सोने चांदी के जेवरात करधनी मंगल सूत्र सहित जेवर पार कर दिए हैं सुबह छोटा बक्सा,एक बैग दूर खेतों में पड़ा मिला है सुबह जब परिजनों को सेंध कर चोरी होने की जानकारी हुई तो हड़कम्प मच गया मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गयी सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है गौरतलब है कि गोवर्धन मौर्य ग्राम प्रधान गोपी मौर्य के सगे बड़े भाई हैं किसान है डीजल खरीदने के लिए घर मे पैसा रख छोड़ा था वही तमाम ग्रामीणों ने कहा पुलिस केवल वसूली के लिए टाण्डा पुल पर कभी कभी चेकिंग लगाती है इसके पहले भी चोरी की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं।

### चिलचिलाती धूप में घंटो रेलवे क्रासिंग पर फसे रहे लोग



भरवारी कौशाम्बी रेलवे क्रासिंग भरवारी पर घंटो जाम में फसे रहे राहगीर और स्कूली बच्चों का प्रचंड गर्मी में बुरा हाल रहा वही रेलवे सरकार किसी ठोस निष्कर्ष पर नही पहुच पा रही है जिससे लोगो में जबरदस्त आक्रोश ब्याप्त है। नगर पालिका परिषद भरवारी के रेलवे क्रासिंग पर गेट खुल जाने से अफरा तफरी का माहौल है वही घंटो जाम में फसकर उनका बुरा हाल है सबसे बड़ी बात तो यह है कि जब स्कूल के बच्चे की छुट्टी होती है तब उन बच्चो की बस जाम में फस जाती है ऐसे में बच्चो से पूछे किस तरह इस प्रचंड गर्मी में बच्चो का जाम से निकलना बड़ी समस्या बनी हुई है। जबकि लोगो का कहना है कि रेलवे सरकार को जो भी निर्णय लेना हो यथा शीघ्र लेकर सिराथू मनौरी खागा की तर्ज पर भरवारी में भी उसी तरह ओवर ब्रिज बनवा दिया जाए तो इस भयंकर जाम से निजात मिल जायेगा ऐसे में आय दिन गाड़ियों के संचालन को रोकने से भी निजात मिल जायेगी।

### बेखौफ तरीके से हो रही है हरे फलदार पेड़ों की कटान



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ और उसके आसपास लकड़ी माफियाओं द्वारा हरे फलदार पेड़ों की अवैध कटान प्रतिदिन की जा रही है सड़क के किनारे के सरकारी पेड़ को काटकर लकड़ी माफिया लकड़ी उठा ले जाते हैं वन विभाग के अधिकारी इन लकड़ी माफियाओं को मौन स्वीकृति दे रहे हैं इलाके की पुलिस भी अवैध लकड़ी कटान पर गंभीर नहीं दिखाई पड़ रही है जिससे पर्यावरण को गंभीर संकट उत्पन्न होता दिख रहा है सरकार का वृहद पौधारोपण अभियान भी विभागीय उपेक्षा के चलते असफल साबित हो रहा है अवैध आरा मशीनों के संचालन के चलते हरे पेड़ों के कटान मतेजी से बढ़ गए है इलाके के लोगों ने हरे पेड़ के कटान पर रोक लगाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

### दव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से दिव्यांगजन हों लाभान्वित

**कौशाम्बी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर रू0 15 हजार तथा केवल युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20 हजार एवं दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35 हजार दिये जाने का प्राविधान है। इस योजना के तहत-शादी के समय युवक की उर्म्र 21 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की उम्र 18 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। दम्पत्ति आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण-पत्र, आय व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण-पत्र एवं युवक व युवती का आधार कार्ड की छायाप्रति, आदि अभिलेखों के साथ ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर करना अनिवार्य है, साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिन्ट प्रति व वांछित प्रपत्रों की हार्डकापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, विकास भवन, मंझनपुर में प्राप्त करायें।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आशा कार्यकत्रियों का हुआ प्रशिक्षण

## फाइलेरिया से बचने के लिए दवाओं का सेवन जरूरी जिले में 12 से 27 मई तक चलेगा अभियान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम को लेकर को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आशा कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रतिदिन प्रशिक्षक द्वारा क्षेत्र मे जाकर प्रशिक्षण कार्य को क्रमबद्ध तरीके से किया जा रहा हैं` कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं पाथ प्रतिनिधि भी अपनी भूमिका निभा रहें हैं कार्यक्रम में फाइलेरिया रोग के लक्षणों ,उससे बचाव व दवाई सेवन कराने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है।

इसी क्रम में गुरुवार को नेवादा, मंझनपुर में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत फाइलेरिया ( हाथीपांव ) जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गए सरकार द्वारा हर वर्ष सामूहिक दवा सेवन फाइलेरिया मुक्त अभियान के दौरान फाइलेरिया रोग से बचाव की दवा मुफ्त में खिलाई जाती है। जनपद सहित प्रदेश के 19 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 12 मई से 27 मई के बीच चलाया जायेगा । जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शासन द्वारा साल में एक बार सामूहिक दवा सेवन अभियान (एमडीए)



आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देते चिकित्सक

चलाया जाता है जिसके अंतर्गत डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाती है। जिसका सेवन लगातार पांच वर्षो तक करने से फाइलेरिया की बीमारी नहीं होती हैं। उन्होंने कहा हर व्यक्ति को इन दवाओं का सेवन करना है । केवल गर्भवती महिलाओं 2 साल से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को यह दवा सेवन नहीं करानी है स्वास्थ्यकर्मियों को अपनी देखरेख में ही दवा का सेवन कराना है । फाइलेरिया के बारे में बताते हुये उन्होंने कहा कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक गंभीर संक्रामक रोग है । इस बीमारी के लक्षण पांच से दस साल में ही उभर के सामने आते हैं जिसे हाथी पांव भी कहा जाता है । बीमारी की शुरूआती अवस्था में जरूरी दवा सेवन से इसे रोका जा सकता है। बचाव हर हाल में इलाज से बेहतर है। इस से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किए जाने की जरूरत है।

डॉ अरुण पटेल चिकित्सा प्रभारी मंझनपुर ने बताया कि अभियान में 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की एक गोली एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की दो गोली एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली एवं 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों डीईसी की तीन गोलियां एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी । दवाइयों का सेवन खाली पेट नहीं कराना है एवं एल्बेंडाजोल का सेवन चबा कर किया जाना है उन्होंने बताया कि मच्छरदानी का प्रयोग करें, आस-पास पानी या कूड़ा इकट्ठा न होने दें, सदैव कूडेदान का प्रयोग करें, गन्दे पानी में केरोसिन डालें, चोट व घाव वाले स्थान को हमेशा साफ रखें और पूरी बाजू के कपड़ें पहनें। सामान्यतः तो फाइलेरिया के कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते हैं।बुखार, बदन में खुजली तथा पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द और सूजन की समस्या दिखाई देती है पैरों व हाथों में सूजन, हाथी पाँव और हाइड्रोसिल के रूप में भी यह समस्या सामने आती है जिससे बचा जाना आवश्यक है।

### कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में 30 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन

**कौशाम्बी।** शासन के निदेर्शानुसार जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 सिराथू/मंझनपुर एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक-30 अप्रैल 2022 को कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी ने दी।

### ई-पेंशन पोर्टल के उद्घाटन कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 01 मई 2022 को लखनऊ में ई-पेंशन पोर्टल का उद्घाटन पूर्वान्ह 11 बजे किया जायेगा। इस कार्यक्रम का जनपद में उदयन सभागार में पूर्वान्ह 11 से 11:45 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में सजीव प्रसारण किया जायेगा । इस कार्यक्रम में जनपद के पेंशनर्स भी उपस्थित रहेंगे । यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी ने देते हुए जनपद के सभी पेंशनर्स से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

# प्रदर्शनकारियों ने कोतवाल पर लगाए गंभीर आरोप

## अपराधियों को बल देने का आरोप लगा कर सराय अकिल कोतवाल के विरोध में ब्राह्मण एकता परिषद के और अधिवक्ता संघ पदाधिकारियो ने डीएम कार्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में चार दिनों पूर्व गेस्ट हाउस में शादी कार्यक्रम के दौरान कन्या पक्ष के लोगों पर प्राणघातक हमला कर कई लोगों को लहूलुहान किए जाने के मामले में सराय अकिल पुलिस की पक्षपातपूर्ण रवैया से आक्रोशित होकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद और अधिवक्ता संघ है के दर्जनों पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन नारेबाजी कर जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला प्रमुख अजय मिश्र ने कहा कि शादी समारोह के दौरान गेस्ट हाउस मालिक ने जिस तरह से नग्न तांडव किया है उससे मानवता शर्मसार हुई है लेकिन आरोपी गेस्ट हाउस मालिक को बचाने की साजिश रचकर सराय अकिल कोतवाल ने घायलों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि हमला करने वाले लोगों की झूठी तहरीर लेकर पुलिस ने न्याय की आवाज दबाने का प्रयास किया है उन्होंने कहा कि सराय अकिल कोतवाल के कारनामे से जो खून से लथपथ थे वही जेल जाएगा और जिसने हमला किया है वह मौज करेगा उन्होंने पुलिस की कार्यवाही पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कोतवाल को निलंबित किए जाने की मांग के साथ फर्जी मुकदमा को खत्म किए जाने के साथ-साथ घायलों के मुकदमे को दर्ज किए जाने की मांग की है प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि गेस्ट हाउस मालिक और उनके पालतू गुर्गों



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अधिवक्ता और ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारी

की गिरफ्तारी हो वरना आंदोलन जोरदार होगा इस दौरान अजय पांडेय (एडवोकेट), कौशलेश द्विवेदी (एडवोकेट), अंकित त्रिपाठी (एडवोकेट),मनदीप अवस्थी (एडवोकेट), अमित त्रिपाठी कोषाध्यक्ष , अजय मिश्रा जिला प्रमुख हरीश द्विवेदी , पंकज मिश्र एडवोकेट सुनील त्रिपाठी एडवोकेट सतेंद्र पांडेय एडवोकेट हरीश मिश्रा एडवोकेट , श्रवण कुमार मिश्रा , राहुल मिश्रा , नीतीश मिश्रा सौरभ त्रिपाठी अंजनी पांडेय प्रदीप कुमार एडवोकेट शिवेंद्र एडवोकेट आदि सैकड़ो की संख्या में लोग रहे।

संपादकीय

# समय के साथ चालाक होती गई ट्विटर की चिड़िया

**मैंने** ट्विटर पर 2009 में, 13 साल पहले बनाया था अपना अकाउंट। तब यह एक नया अजूबा था जिस पर लोग अपने उठने-बैठने, खाने-पीने और रोजमर्रा जीवन की ऐसी ही छोटी-छोटी बातें शेयर किया करते थे। कुल मिलाकर तब यह एक हास्य-विनोद से भरपूर सामाजिक अड्?डा हुआ करता था। धीरे-धीरे इस पर राजनीति, व्यापार और मार्केटिंग के चतुर खिलाड़ियों की निगाह पड़ी और उन्होंने इसका अपने तरीके से इस्तेमाल शुरू कर दिया। आज यह प्लेटफार्म टनों नकारात्मक विचारों को ढोता है और धौंस जमाने का एक जरिया बन गया है। भारत में करीब ढाई करोड़ लोग ट्विटर प्रयोग करते हैं, जबकि दुनिया भर में करीब 22 करोड़ लोग इस पर सक्रिय हैं। राजनीतिक दल और नेता ट्विटर का अपने-अपने ढंग से इस्तेमाल करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद यह प्लेटफार्म अपने यहां कुछ ज्यादा ही चर्चा में आ गया। अब जबकि दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति, स्पेस एक्स के संस्थापक एलन मस्क ने इसे 44 अरब डॉलर (करीब 3.37 लाख करोड़ रुपए) में खरीद लिया है, तो सबको यह जानने की इच्छा है कि इसका भविष्य कैसा होगा। ट्विटर की डील तो हो चुकी है, लेकिन अभी कानूनी और नियामक पहलुओं पर समीक्षा होनी बाकी है, जिसके बाद यह माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफार्म पूरी तरह से टेस्ला सीईओ मस्क के अधीन चला जाएगा। मस्क को लगता है कि ट्विटर का मौजूदा प्रबंधन कंपनी को खराब तरीके से चला रहा है। मस्क ने ट्विटर में पहले 9 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल की, फिर पूरी कंपनी खरीदने की पेशकश कर डाली। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि ट्विटर में किस तरह के बदलाव होंगे। एक अनुमान यह है कि ट्विटर के असली अकाउंट होल्डर्स की पुष्टि करके सभी यूजर्स को ब्लू टिक दिया जाएगा, जिसे अभी प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है। अभी तक फिल्म, म्यूजिक, राजनीति और मीडिया जैसे गिने चुने फील्ड ही ब्लू टिक के दायरे में आते हैं। मस्क को लगता है कि ट्विटर में बहुत पोटेंशियल है, जिसका अब तक पूरा इस्तेमाल नहीं हुआ है। ट्विटर ने मस्क की सलाह पर अमल करते हुए ट्वीट को एडिट करने का फीचर जोड़ने का सोचा ही था कि इस बीच पूरी कंपनी ही मस्क के पास चली गई। पोस्ट को एडिट करने की सुविधा फेसबुक, इंस्टाग्राम और लिंक्डइन पर पहले से मौजूद है, जबकि ट्विटर यूजर्स अभी तक इस परेशानी के साथ जी रहे थे कि गलत टाइप हो जाने पर उन्हें ट्वीट को डिलीट करना पड़ता था और फिर से नया ट्वीट करना पड़ता था। हालांकि, इसमें समस्या यह है कि ओरिजिनल ट्वीट भी ट्विटर की मैमोरी में मौजूद रहेगा। ट्विटर में अब तो और भी बहुत सारे बदलाव होंगे। मस्क फ्री स्पीच के हिमायती हैं और इसलिए ट्विटर पर सबको अपनी बात कहने की छूट देना चाहते हैं। इस तरह की खुली छूट भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में बहुत खतरनाक भी हो सकती है। इसका दुरुपयोग करके ट्रोल और उपद्रवी तत्व छूठी सूचनाएं फैलाकर देश में अराजकता फैला सकते हैं। दंगा-फसाद फैला कर वे अपनी ट्वीट को एडिट कर सकते हैं, जो और भी खतरनाक होगा। मस्क ने अपने पिछले ट्वीट्स में कहा था कि कौन सी ट्वीट प्रमोट होती है और कौन सी पीछे रह जाती है, इसके बारे में यूजर्स को पता होना चाहिए। देखिए आगे क्या-क्या होता है।

# नृत्य है अपूर्व शांति का माध्यम

ललित गर्ग

> एक समय जब भगवान श्रीकृष्ण, राधा व गोपियाँ रासलीला कर रहे थे तो भगवान शिव ने वहाँ किसी के भी जाने पर रोक लगा दी थी, लेकिन माँ पार्वती द्वारा इच्छा जाहिर करने पर भगवान शिव ने मणिपुर में यह नृत्य करवाया। अंतराष्ट्रीय नृत्य दिवस भारत के इन नृत्यों से पूरे विश्व को परिचित कराने का माध्यम है। वैसे इस दिवस को मनाने का उद्देश्य जनसाधारण के बीच नृत्य की महत्ता को उजागर करना था। जिससे लोगों में नृत्य के प्रति रूचि जागे, जागरूकता फैले

**अंतर्राष्ट्रीय** नृत्य दिवस पूरे विश्व में 29 अप्रैल मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस की शुरूआत 29 अप्रैल 1982 से हुई। ह्यबैले के शेक्सपियरह्ण की उपाधि से सम्मानित एक महान्‍ रिफॉर्मर एवं लेखक जीन जार्ज नावेरे के जन्म दिवस की स्मृति में यूनेस्को के अंतर्राष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के रूप स्थापित किया है। जीन जार्ज नावेरे ने 1760 में लेर्टा ऑन द डांस नाम से एक पुस्तक लिखी थी, जिसमें नृत्य कला की बारीकियों को प्रस्तुत किया गया। जबकि नृत्य की उत्पत्ति भारत में ही हुई है, यहां की नृत्य कला अति प्राचीन है, कहा जाता है कि यहां नृत्य की उत्पत्ति 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं की विनती पर ब्रह्माजी ने की और उन्होंने नृत्य वेद तैयार किया, तभी से नृत्य की उत्पत्ति संसार में मानी जाती है। इस नृत्य वेद में सामवेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद व ऋग्वेद से कई चीजों को शामिल किया गया और जब नृत्य वेद की रचना पूरी हो गई, तब नृत्य करने का अभ्यास भरत मुनि के सौ पुत्रों ने किया। नृत्य के कई प्रकार हैं जिनमें भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी, छाउ, कथकली, मोहिनीअट्टम, ओडिसी आदि है। मनुष्य की प्रवृत्ति है, सुख और शांति की तलाश, जिसमें नृत्य-कला की महत्वपूर्ण भूमिका है। नृत्य खुशी, शांति, संस्कृति और सभ्यता को जाहिर करने की एक प्रदर्शन-कला है। खुद नाचकर या नृत्य देखकर हमारा मिजाज भी थिरक उठता है और हमारी आत्मा तक उस पर ताल देती है। नृत्य जीवन की मुस्कान और खुशियों की बौछार है। हमारे देश में प्राचीन समय से नृत्य की समृद्ध परम्परा चली आ रही है। नृत्य के अनेक प्रकारों में कथकली प्रमुख है, यह नृत्य 17वीं शताब्दी में केरल राज्य से आया। इस नृत्य में आकर्षक वेशभूषा, इशारों व शारीरिक थिरकन से पूरी एक कहानी को दशार्या जाता है। इस नृत्य में कलाकार का गहरे रंग का श्रृंगार किया जाता है, जिससे उसके चेहरे की अभिव्यक्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। मोहिनीअट्टम नृत्य भी केरल राज्य का है। मोहिनीअट्टम नृत्य कलाकार का भगवान के प्रति अपने प्यार व समर्पण को दशार्ता है। इसमें नृत्यांगना सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनकर नृत्य करती है, साथ ही गहने भी काफी भारी-भरकम पहने जाते हैं। इसमें सादा श्रृंगार किया जाता है।



ओडिसी ओडिशा राज्य का प्रमुख नृत्य है। यह नृत्य भगवान कृष्ण के प्रति अपनी आराधना व प्रेम दशार्ने वाला है। इस नृत्य में सिर, छाती व श्रोणि का स्वतंत्र आंदोलन होता है। भुवनेश्वर स्थित उदयगिरि एवं खंडगिरी की पहाड़ियों में इसकी छवि दिखती है। इस नृत्य की कलाकृतियाँ उड़ीसा में बने भगवान जगन्नाथ के मंदिर पुरी व सूर्य मंदिर कोणार्क पर बनी हुई हैं। कथक लोक नृत्य की उत्पत्ति उत्तर प्रदेश में हुई है, जिसमें राधाकृष्ण की नटवरी शैली को प्रदर्शित किया जाता है। कथक का नाम संस्कृत शब्द कहानी व कथार्थ से प्राप्त होता है। मुगलराज आने के बाद जब यह नृत्य मुस्लिम दरबार में किया जाने लगा तो इस नृत्य पर मनोरंजन हावी हो गया। भरतनाट्यम नृत्य एक शास्त्रीय नृत्य है जो तमिलनाडु राज्य का है। पुराने समय में मुख्यतः मंदिरों में नृत्यांगनाओं द्वारा इस नृत्य को किया जाता था, जिन्हें देवदासी कहा जाता था। इस पारंपरिक नृत्य को दया, पवित्रता व कोमलता के लिए जाना जाता है। यह पारंपरिक नृत्य पूरे विश्व में लोकप्रिय है। कुचिपुड़ी नृत्य की उत्पत्ति आंध्रप्रदेश में हुई, इस नृत्य को भगवान मेला नटकम नाम से भी जाना जाता है। इस नृत्य में गीत, चरित्र की मनोदशा एक नाटक से शुरू होती है। इसमें खासतौर से कर्नाटक संगीत का उपयोग किया जाता है। साथ में ही वायलिन, मृदंगम, बांसुरी की संगत होती है। कलाकारों द्वारा पहने गए गहने बेरुगू बहुत हल्के लकड़ी के बने होते हैं। मणिपुरी नृत्य शास्त्रीय नृत्यरूपों में से एक है। इस नृत्य की शैली को जोगाई कहा जाता है। प्राचीन समय में इस नृत्य को सूर्य के चारों ओर घूमने वाले ग्रहों की संज्ञा दी गई है। एक समय जब भगवान श्रीकृष्ण, राधा व गोपियाँ रासलीला कर रहे थे तो भगवान शिव ने वहाँ किसी के भी जाने पर रोक लगा दी थी, लेकिन माँ पार्वती द्वारा इच्छा जाहिर करने पर भगवान शिव ने मणिपुर में यह नृत्य करवाया। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस भारत के इन नृत्यों से पूरे विश्व को परिचित कराने का माध्यम है। वैसे इस दिवस को मनाने का उद्देश्य जनसाधारण के बीच नृत्य की महत्ता को उजागर करना था। जिससे लोगों में नृत्य के प्रति रूचि जागे, जागरूकता फैले। साथ ही सरकारें पूरे विश्व में नृत्य को शिक्षा प्रणाली से जोड़े। भारत के विभिन्न नृत्यकलाओं में निपुण अनेक नर्तकों एवं नृत्यांगनाओं ने पूरी दुनिया में भारतीय नृत्य कलाओं का नाम रोशन कर रहे हैं। जिनमें सोनल मानसिंह, यामिनी कृष्णामूर्ति, केलुचरण महापात्रा आदि चर्चित नाम है, इनदिनों परामिता भट्टाचार्य एक उभरता हुआ नाम है, जो अमेरिका में भारतीय नृत्य की धुम मचाते हुए उसे पहचान दिलाने के लिये तत्पर है। एक कथक नृत्यांगना होने के अलावा परामिता एक प्रसिद्ध कोरियोग्राफर, नृत्य शिक्षक, वक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता भी है। ह्यशास्त्रीय नृत्यह्ण के क्षेत्र में उनके अनूठे योगदान के लिये उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों से प्रशंसा मिली है। लॉस एंजिल्स में रहते हुए उन्होंने न केवल वहां के भारतीय लोगों बल्कि अमेरिकी लोगों के बीच अपनी विशेष पहचान बनाकर भारतीय नृत्य कला को प्रसिद्धि के नये मुकाम प्रदान किये है। परामिता भट्टाचार्य का मानना है कि पारंपरिक शास्त्रीय कला लोगों को अपने जीवन को शांत एवं खुशहाल बनाने और व्यक्तित्व विकास में मदद कर सकता है क्योंकि यह मन, शरीर और आत्मा की भाषा से संबंधित है। वह महसूस करती है कि विदेशी धरती पर भारतीय कला जीवंत करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण है, लेकिन विभिन्न लोगों के साथ बातचीत करने के लिए दिलचस्प है। भारतीय कला-संस्कृति सांस्कृतिक आदान-प्रदान करने और विश्वबधुंत्व की भावना, प्यार, दोस्ती और शांति फैलाने का सशक्त माध्यम है। अपने गुरु पंडित बिरजू महाराज के बारे में परामिता ने कहा कि उन्होंने उनके अंदर नृत्य, संगीत, दर्शन और रस का समावेश किया। परामिता ने कहा कि आज का समय क्लासिकल डांस के लिए उदयकाल है। बकौल परामिता, ह्ययुवा नृत्य साधक नए-नए विचारों के साथ सामने आ रहे हैं और इससे मैं मानती हूं कि यह भारतीय पारंपरिक नृत्य के लिए उदयकाल है ह्ण निश्चित ही नृत्य एक सशक्त दैवीय अभिव्यक्ति है जो पृथ्वी और आकाश से संवाद करती है। हमारी खुशी, हमारे भय और हमारी आकांक्षाओं को व्यक्त करती है। नृत्य अमूर्त है फिर भी जन के मन के संज्ञान और बोध को परिलक्षित करता है। मनोदशाओं को और चरित्र को दशार्ता है। नृत्य में हाथों की श्रृंखला बनाकर एक दूसरे के स्नेह और जोश को महसूस किया जाता है, जिसे आपस में बांटा जाता हैं और सामूहिक लय पर गतिमान होते हुए देखा जाता हैं। नृत्य समानांतर रेखाओं के उस बिंदु पर होता है जहाँ रेखाएं एक-दूसरे से मिलती हुई प्रतीत होती हैं। गति और संचालन से भाव-भंगिमाओं का सृजन और ओझल होना एक ही पल में होता रहता है। नृत्य केवल उसी क्षणिक पल में अस्तित्व में आता है।

# महिलाओं को पसंद आई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**कहने** को भले ही कुछ भी कहा जाए पर बदलाव की बयार तो अब साफ दिखाई देने लगी है। महिलाएं अब घर की चारदीवारी से बाहर आई हैं और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने में सफल रही हैं। कल तक यह माना जाता था कि राजनीति में आरक्षण के कारण महिलाएं आगे तो आई हैं पर सरपंच पति, प्रधान पति या प्रमुख पति के दायरे से बाहर नहीं निकल पाई हैं पर अब यह सब गुजरे जमाने की बात हो गई है। अब महिलाएं जितनी सक्रियता से राजनीति में पैठ बनाने में सफल रही हैं उतनी ही सक्रियता से उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के ताजातरीन आंकड़ें इसके गवाह है। दरअसल सात साल पहले देश में जब प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अस्तित्व में आई तब यह नहीं सोचा गया होगा कि यह योजना महिला सशक्तिकरण का भी प्रमुख माध्यम बन जाएगी। हालांकि यह योजना केवल और केवल मात्र महिलाओं के लिए ही नहीं थी अपितु युवाओं और हुनरमंद या फिर स्वरोजगार को बढ़ावा देने की योजना रही है। महिला सशक्तिकरण का माध्यम तो इसलिए सिद्ध हो रही है कि इस योजना का महिलाओं ने अधिक लाभ उठाया है। अप्रैल, 2015 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शुरू की गई थी। योजना का प्रमुख उद्देश्य युवाओं या हुनरमंद लोगों को अपना काम धंधा शुरू करने के लिए आसानी से बैंकों से ऋण उपलब्ध कराना रहा है। इस योजना को शिशु, किशोर और तरुण तीन वर्गों में विभाजित किया गया और यह विभाजन भी ऋण राशि के अनुसार किया गया। 50 हजार रुपये तक के ऋण को शिशु श्रेणी में, 5 लाख तक के ऋण को किशोर श्रेणी में और 10 लाख रुपये तक के ऋण को तरुण श्रेणी में रखा गया है। हांलाकि पिछले सात सालों में शिशु श्रेणी यानी की 50 हजार तक के ऋण अधिक वितरित हुए हैं। पिछले सात सालों में 34 करोड़ 42 लाख ऋण खातों में 18.60 लाख करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इनमें से 68 फीसदी लोन खाते महिलाओं के हैं। यानी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को महिला उद्यमियों ने हाथों-हाथ लिया है। इससे दो बातें साफ हो जाती हैं कि महिलाओं में कुछ करने का जज्बा बढ़ा है। वह आर्थिक गतिविधियों में पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर आगे आ रही हैं। विकास की मुख्यधारा से जुड़ना शुभ संकेत माना जाना चाहिए। दरअसल महिलाओं ने एमएसएमई उद्यमों में भी रुचि दिखाई है। इसको इसी से समझा जा सकता है कि देश में 2021-2022 में 8 लाख 59 हजार से अधिक एमएसएमई उद्यमों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाने लगा है। यह अपने आप में बड़ी संख्या होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की बढ़ती ताकत का जीता जागता उदाहरण है। वैसे तो महिला सशक्तिकरण की देश में कई योजनाएं चलती रही हैं पर मुद्रा योजना इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि इस योजना में आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध हो जाती है। ऋण आवेदन के खासतौर से शिशु श्रेणी में तो सात से दस दिन में जहां ऋण उपलब्ध हो जाता है वहीं ऋण के लिए किसी तरह की कोलेटरल सिक्योरिटी की भी आवश्यकता नहीं होती। यही कारण है कि यह योजना नए-पुराने सभी उद्यमियों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। सेवा क्षेत्र से लेकर उत्पादन क्षेत्र तक सभी को इसमें शामिल किया गया है। खासतौर से इस योजना का ध्येय युवाओं व हुनरमंद चाहे पुरुष हो या महिलाएं रोजगार या पैसे की तलाश में इधर उधर घूमने के स्थान में बैंकों से आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है ताकि देश में स्वरोजगार के अवसर विकसित हों और आज की पीढ़ी में उद्यमी बनने की ललक पैदा की जा सके। युवा रोजगार की तलाश में घूमने के स्थान पर मुद्रा योजना के सहयोग से स्वयं उद्यमी बन सकेगा और रोजगार के लिए हाथ फैलाने के स्थान पर रोजगारदाता बनेगा। यही कारण है कि यह योजना युवाओं व महिलाओं की छोटा-मोटा काम शुरू करने के लिए आने वाली रुपये-पैसे की दिक्कत को दूर करने में सहायक है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के प्रति महिलाओं की बढ़ती रुचि और लाभदायकता के निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। कोरोना जैसी महामारी के चलते जिस तरह से आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और जिस तरह से रोजगार के अवसर प्रभावित हुए हैं उसमें अब पोस्ट कोविड हालातों में यह योजना और अधिक कारगर सिद्ध हो सकेगी।

अभिव्यक्ति

# अंधेरे से निकल कारोबारी दुनिया में आएं मुस्लिम

आर.के. सिन्हा

यकीन मानिए कि कभी-कभी बहुत अफसोस होता कि मुसलमानों को उनके रहनुमाओं ने हिजाब, बुर्का, उर्दू जैसे खतरे के वहम में फंसा कर रखा हुआ है। यह बात उत्तर भारत के मुसलमानों को लेकर विशेष रूप से कही जा सकती है। मुसलमानों के कथित नेता यही चाहते हैं कि इनकी कौम अंधकार के युग में ही बनी रहे। वहां से कभी निकले ही नहीं। इसलिए आज के दिन उत्तर भारत के मुसलमानों में जीवन में आगे बढ़ने को लेकर उस तरह का कोई जज्बा दिखाई नहीं देता जैसा हम गैर-हिन्दी भाषी राज्यों के मुसलमानों में देखते हैं। उत्तर भारत के मुसलमान अब भी सिर्फ नौकरी करने के बारे में ही सोचते हैं। जो कायदे से शिक्षित नहीं हैं, वे कारपेंटर, पेंटर, वेल्डर या मोटर मैकनिक बनकर खुश हो जाते हैं। शिक्षित मुसलमान अजीम प्रेमजी (विप्रो), हबील खुराकीवाला (वॉक फार्ड) या युसूफ हामिद (सिप्ला) बनने के संबंध में क्यों नहीं सोचते? यह सच में बड़ा सवाल है। महाराष्ट्र, गुजरात, बैंगलुरू यानी कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना आदि का मुसलमान बिजनेस में भी अब लंबी छलांगें लगा रहा है। उसे सफलता भी मिल रही है। आप दिल्ली के इंडिया इस्लामिक सेंटर और मुंबई के इस्लाम जिमखाना के माहौल में जमीन-आसमान का अंतर देखेंगे। जहां इस्लामिक सेंटर में कव्वाली के नियमित कार्यक्रम होते हैं, वहीं इस्लाम जिमखाना के सदस्य बिजनेस की चर्चा में मशगूल मिलते हैं। दोनों की प्राथमिकताएं ही भिन्न हैं। इन दोनों के माहौल को देखकर ही पलक झपकते ही समझ आ जाता है कि देश के अलग-अलग भागों के मुसलमानों की सोच में कितना फर्क है। जहां विप्रो आई टी सेक्टर की कंपनी है, वहीं वॉककार्ड तथा सिप्ला फार्मा कंपनियां हैं। इन सबमें हजारों पेशेवर भी काम करते हैं और इनका सालाना मुनाफा भी हजारों करोड़ रुपए का है। आपको गैर-हिन्दी भाषी राज्यों में दर्जनों उत्साही मुस्लिम कारोबारी तथा आंत्रप्योनर मिल जाएंगे। पर आपको दिल्ली और उत्तर भारत में कोई बहुत बड़ी नामवर कंपनी नहीं मिलेगी जिसका प्रबंधन मुसलमानों के पास हो। राजधानी दिल्ली में कुछ दशक पहले तक देहलवी परिवार शमा प्रकाशन चलाता था। इसकी शमा, सुषमा, बानो समेत बहुत सी लोकप्रिय पत्रिकाएं होती थीं। फिल्मी पत्रकारिता में इनका एक मुकाम होता था। शमीम देहलवी के बाद कुछ सालों तक इन पत्रिकाओं को देहलवी परिवार की सदस्य सादिया देहलवी ने भी देखा। पर ये अपने को वक्त के साथ बदल नहीं सके। नतीजा ये हुआ कि शमा प्रकाशन बंद हो गया। अब राजधानी के कनॉट प्लेस में चल रहे मरीना होटल की बात कर लेते हैं। इसका स्वामित्व भी एक मुस्लिम परिवार के पास है। लेकिन इसके मालिकों ने इसे रेंट पर किसी अन्य कंपनी को दिया हुआ। यानी जिनका होटल है वे रेंट लेकर ही खुश हैं। जबकि किराएदार हर साल मोटा मुनाफा कमाता है। रूह अफजा शर्बत बनाने वली कंपनी हमदर्द ने भी अपने को समय के साथ नहीं बदला। इनके दिल्ली के आसफ अली रोड के दफ्तर में जाकर लगता है कि ये आधुनिक बनने के लिए तैयार ही नहीं है। इसे बुलंदियों पर पहुंचाया था हकीम अब्दुल हामिद ने। पर उनके निधन के बाद उनका कारोबार बिखरता सा जा रहा है। ये स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। काश. हमदर्द मैनेजमेंट ने सिप्ला लिमिटेड से कुछ सीखा होता। सिप्ला भारत की बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी है। सिप्ला हृदय रोग, गठिया, मधुमेह, आदि के इलाज के लिए नामी दवाएं विकसित और निर्माण करती है। इसकी स्थापना ख्वाजा अब्दुल हमीद ने 1935 में मुंबई में की थी। इसकी एक फैक्ट्री में महात्मा गांधी 1940 के दशक में आए थे। हमीद साहब राष्ट्रवादी विचार के मुसलमान थे। जहां तक विप्रो लिमिटेड की बात है तो यह भारत की तीसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी है। आज इसकी टर्न ओवर कोई 600 अरब रुपये प्रतिवर्ष है और मुनाफा कोई 70 अरब रुपये। दरअसल 1977 में जनता सरकार के समय विदेशी कंपनियों के भारत छोड़ने के आदेश के बाद विप्रो के व्यवसाय में असरदार इजाफा हुआ था। आज यह एक बहु व्यवसाय तथा बहु स्थान कंपनी के रूप में उभरी है।

# राज्यपाल सतपाल मलिक की हिम्मत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**जम्मू-कश्मीर** के राज्यपाल के तौर पर सतपाल मलिक ने जो अद्भुत काम किया है, मेरी स्मृति में इतना साहसिक कार्य किसी अन्य राज्यपाल ने भारत में पहले कभी नहीं किया। उन्होंने 300 करोड़ रुपये की रिश्वत को ठोकर मार दी। यदि वे उन दो फाइलों पर अपनी स्वीकृति के दस्तखत भर कर देते तो अनिल अंबानी की एक कंपनी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता उन्हें 300 करोड़ रुपये आसानी से दिलवा देते। जब मलिक ने छह-सात माह पहले इस प्रकरण को सार्वजनिक जिक्र किया तो मुझे एकाएक विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि आरएसएस के कार्यकर्ता इस तरह के अनुचित कार्यों से प्रायः दूर ही रहते हैं। उनके और मेरे कुछ मित्रों ने कहा कि उन्हें पहले कश्मीर से गोवा और फिर वहां से



मेघालय भेज दिया गया तो वे बस इस तबादले पर अपनी नाराजी निकाल रहे हैं। मैं सतपाल मलिक को उनके छात्रकाल से जैसा जानता हूं, मुझे लगता था कि उनके जैसा सत्यनिष्ठ और निर्भीक नेता ऐसे निराधार आरोप कैसे लगा सकता है। सतपाल मलिक की हिम्मत ने अब रंग दिखा दिया। जम्मू-कश्मीर के वर्तमान उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जो कि खुद मलिक की तरह लोकप्रिय छात्रनेता रहे हैं, दोनों मामले सीबीआई को सौंप दिए हैं। जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों की लंबी परंपरा है। जब शासन मुख्यमंत्रियों के हाथ में होता है तो वे बेलगाम होकर भ्रष्टाचार करते हैं। कश्मीर में भ्रष्टाचार का दूसरा नाम शिष्टाचार है। जिन दो मामलों की जांच चल रही है, उनमें एक जम्मू का कीरू हाइडल पॉवर प्रोजेक्ट है और दूसरा प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमे से संबंधित है। इन दोनों मामलों में जम्मू-कश्मीर के हजारों करोड़ रुपये खपने थे। पहले तो इनके टेंडर जारी करने में घपले हुए और फिर जब टेंडर जारी किए गए तो उनमें कई शर्तों का पालन नहीं किया गया। अंबानी की कंपनी को 61 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान भी हो गया। लगभग चार हजार करोड़ रुपये के दूसरे प्रोजेक्ट में भी पता नहीं कितना घपला होता। सरकारी अफसरों ने सारी अनियमितताओं की अनदेखी कर दी और टेंडर भी पास कर दिए। यदि राज्यपाल आपत्ति नहीं करते तो हमेशा की तरह सारा खेल आराम से चलता रहता लेकिन विभागीय जांच से पता चला कि इन दोनों कंपनियों को हरी झंडी दिखाने के काले काम में सरकार के ऊंचे अफसरों की भी मिलीभगत है। जाहिर है कि उन्होंने भी रिश्वत खाई होगी। उन अफसरों के खिलाफ पुलिस ने रपट लिख ली है और केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जांच शुरू कर दी है। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने पर्याप्त सख्ती और मुस्तैदी दिखाई, वरना जम्मू-कश्मीर को भारी नुकसान भुगतना पड़ता। भ्रष्टाचारी व्यवसायी और अफसरों की तो जेबें भरतीं लेकिन कश्मीरी नौजवानों को रोजगार के नाम पर कोरा अंगूठा मिलता। यदि अन्य प्रदेशों के राज्यपाल भी ऐसी ही सतर्कता का परिचय दें तो भ्रष्टाचार पर थोड़ा-बहुत अंकुश जरूर लग सकता है।

**(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)**

# देश की रीढ़ कृषि क्षेत्र

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर प्रौद्योगिकियों के बढ़ते अति उन्नत नवाचारों, तकनीकों, क्रियाकलापों के कारण हर देश हर, क्षेत्र को वर्तमान प्रौद्योगिकियों के अनुसार परिवर्तित करने, इंफ्रास्ट्रक्चर को अपडेट करने सहित अपनी विस्तारित निर्णयों, नीतियों, रणनीतिक साझेदारीयों को विस्तारित परिपेक्ष में अमल में लाने को मजबूर हो गए हैं। क्योंकि आधुनिकता के दौर में कन्वर्ट नहीं होने से तेजी से पिछड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता यही कारण है कि भारत भी तेजी के साथ नवाचारों, नवोन्वेषी से भारत के हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी अनुसार बदलाव करते जा रहा है क्योंकि भारत एक ग्रामीण व कृषि प्रधान देश है इसलिए हमारे लिए यह प्राथमिकता है कि हम कृषि क्षेत्र को पहले प्रौद्योगिकी की सहायता से अति आधुनिक करें ताकि अधिकतम आबादी को लाभ हो के दायरे में लाया जा सके। साथियों बात अगर हम कृषि क्षेत्र में आधुनिकता की करे तो यह काम करीब एक दशक से शुरू है परंतु उस परिपेक्ष में इस क्षेत्र को अति आधुनिक नहीं किया जा सका है जितना करने की जरूरत है जिसका कारण है कृषक समुदाय में जागरूकता, शिक्षा और जानकारी की कमी!! हमारे बड़े बुजुर्गों का कहना सच ही है कि जब तक किसी बात, जानकारी या तकनीकी को अपने दिलो-दिमाग और हृदय में नहीं बसाते वह तुमसे नहीं हो सकेगा चाहे कितनी भी कागजों पर तुम प्लानिंग कर लो!! बात बिल्कुल सच है याने दूसरी भाषा में हम कहेंगे तो इसी योजना तकनीकी प्रौद्योगिकी का अगर हम अभियान चलाकर उस क्षेत्र में उसे संचालित कर उसके फायदे को कृषि समुदाय से अवगत नहीं कराएंगे तब तक उसको क्रियान्वयन करने में कठिनाई होगी। बस!! कृषि क्षेत्र की नस सरकार के पकड़ आई है और सही दिशा में कदम बढ़ाना चालू किया है जो पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि किसानोंको लाभान्वित योजनाओं का अभियान चलाकर कृषक समुदाय को जनजागृत कर समझाया जा रहा है।

## इगा स्वियातेक हाथ में सूजन के कारण मैड्रिड ओपन से हटी

**मैड्रिड।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने हाथ में सूजन के कारण मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। लगातार चार खिताब जीतने वाली स्वियातेक को इस क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में



महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता मिलने वाली थी। पोलैंड की इस खिलाड़ी ने ट्वीट किया- मुझे अपने हाथ का ध्यान रखना होगा। मियामी ओपन के बाद से काफी थकान है और मैं इसे आराम नहीं दे सकी। मुझे खेल से ब्रेक लेना होगा। स्वियातेक ने रविवार को स्टुटगार्ट ओपन जीता जबकि इससे पहले दोहा, इंडियन वेल्स और मियामी में खिताब जीत चुकी हैं ।वह पिछले 23 मैचों से हारी नहीं है।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स चार जून से हरियाणा में, मुख्यमंत्री ने आयोजन का खाका अनुराग ठाकुर को प्रस्तुत किया

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से वर्चुअली मुलाकात के बाद खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तिथि घोषित कर दी। अब यह खेल चार से 13 जून को शाहबाद मारकंडा, अंबाला, चंडीगढ़, दिल्ली और पंचकुला में आयोजित किए जाएंगे। इन खेलों में अंडर-18 वर्ग के खिलाड़ी शिरकत करेंगे। इन खेलों में लगभग साढ़े आठ हजार खिलाड़ियों के 25 खेलों में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें पांच देसी खेल भी शामिल हैं। ये खेल कोरोना के चलते लगातार टलते आ रहे थे।



**राज्य की बेटियों को समर्पित होगा खेलों का आयोजन**

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष खेलों की तैयारियों की योजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि खेलों का आयोजन सुगमता के साथ होगा। आठ मई को पंचकुला में खेलों के मस्कट की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि शाहबाद और पंचकुला में हॉकी स्टेडियम लगभग तैयार है। अंबाला में सभी मौसम के अनुकूल तरणताल तैयार किया गया है। पंचकुला में एथलेटिक ट्रैक और बैडमिंटन हॉल बनाए गए हैं। खेलों का आयोजन हरियाणा की बेटियों को समर्पित कर किया जाएगा। खेल मंत्री ने अनुराग ठाकुर ने कहा कि हरियाणा की बेटियों ने खेल केक्षेत्र में देश के झंडे को बुलंदी से ऊंचाईयां प्रदान की हैं। उन्होंने कहा कि जून में होने वाले इन खेलों के लिए कोरोना नियमों का पूरी तरह पालन होगा। सभी खिलाडियों की टेस्टिंग केपूरे इंतजाम किए जाएंगे।

## विम्बलडनः जोकोविच खेलेंगे टूर्नामेंट, आयोजकों ने कोरोना नियमों में दी ढील, नहीं पड़ेगी टीकाकरण कराने की जरूरत

**नई दिल्ली।** विश्व नंबर एक और गत विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच विम्बलडन में इस बार अपने खिताब की रक्षा कर पाएंगे। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन की तरह टीकाकरण नहीं कराने के चलते उन पर इस ग्रैंड स्लैम में नहीं खेलने की लटकी तलवार हट गई है। विम्बलडन के आयोजक ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब ने मंगलवार को साफ किया कि इस बार टूर्नामेंट में कोरोना को लेकर प्रतिबंध नहीं रहेंगे और न ही टूर्नामेंट में खेलने के लिए खिलाडियों के टीकाकरण की बाध्यता रहेगी। इसके साथ ही विंबलडन में इस बार दर्शकों की पूरी क्षमता भी देखने को मिलेगी। छह बार के विम्बलडन विजेता जोकोविच ने कोरोना का टीकाकरण नहीं कराया है, जिसके चलते न सिर्फ उन्हें इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने से रोक दिया गया था, बल्कि उनका वीजा रद्द कर उन्हें ऑस्ट्रेलिया से बाहर कर दिया गया था। यही कारण था कि जोकोविच के फ्रेंच ओपन और विम्बलडन में भी खेलने को लेकर तलवार लटकी हुई थी।

# तेवतिया-राशिद की जोड़ी ने रोमांचक मैच गुजरात को दिलाई 5 विकेट से जीत

**मुंबई।** गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2022 का 40वां मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने आई हैदराबाद की टीम ने अभिषेक शर्मा और एडेन मार्करम की अर्धशतकीय पारी के बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 20 ओवरों में 195 रन बना दिए। लक्ष्य का पीछा करने आई गुजरात की टीम को अच्छी शुरूआत मिली। पर उमरान मलिक ने गुजरात की बल्लेबाजी की कमर तोड़ कर रख दी और 5 विकेट अपने नाम किए। आखिरी ओवर में राहुल तेवितिया और राशिद खान की जोड़ी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 199 रन बना दिए और गुजरात को 5 विकेट से जीत दिला दी।

बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम को कप्तान केन विलियमसन के रूप में पहला विकेट गिरा। विलियमसन को 5 रन पर आउट करके मोहम्मद शमी ने गुजरात को पहली सफलता दिलाई। तेजी से रन बटोर रहे राहुल त्रिपाठी शमी के दूसरे शिकार बने। राहुल त्रिपाठी 10 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हुए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 42 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्के की मदद से 65 रन की पारी खेली। अभिषेक शर्मा की इस पारी को अल्जारी जोसेफ ने कैच आउट कर रोका। इसके बाद एक बार फिर गेंदबाजी करने आए शमी ने निकोल्स पूरन को 3 रन पर चलता कर गुजरात की टीम को चौथी सफलता दिलाई। यश दयाल ने अर्धशतक बनाकर खेल रहे एडेन मार्करम को आउट कर हैदराबाद को 5वां झटका दिया। मार्करम 40 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट। हैदराबाद का छठा विकेट वाशिंगटन सुंदर के रूप में गिरा। वह 3 रन बनाकर रन आउट हो गए। आखिरी के ओवर्स में शशांक सिंह के बल्ले से आतिशी पारी देखने को मिली। शशांक सिंह ने 6 गेंदों पर एक चौके और 3 छक्के की मदद से नाबाद 25 रन जोड़े। जबकि जेनसन 8 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात के लिए रिद्धिमन साहा और शुभमन गिल ने पारी की शुरूआत की। साहा इस दौरान तेजतर्रार शॉट लगाते हुए नजर आए। गुजरात पहली पांच ओवरों में ही 50 रन के पास पहुंच गया। उमरान मलिक ने शुभमन गिल को आउट करके हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। शुभमन 24 गेंदों पर 22 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने साहा के साथ पहले विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी निभाई। हार्दिक पांड्या का हैदराबाद के तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने तेजतर्रार बाऊंसर के साथ स्वागत किया। बाद में उमरान ही हार्दिक की विकेट निकालकर ले गए। साहा एक छोर पर खड़े ताबड़तोड़ रन बनाते रहे। उन्होंने 29 गेंदों पर अर्धशतक लगाया लेकिन जब वह 68 रन पर थे तो उमरान मलिक ने उन्हें बोल्ड कर दिया। उमरान ने पहली तीन ओवर में ही 3 विकेट हासिल कर लिए थे। उमरान मलिक ने डेविड मिलर को बोल्ड करके अपना चौथा विकेट हासिल किया। मिलर 19 गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट हुए। मिलर को आउट करने के बाद उमरान ने अभिनव मनोहर को बोल्ड आउट कर उन्हें अपना 5वां शिकार बनाया। मनोहर शून्य पर आउट हुए। राहुल तेवितिया और राशिद खान की जोड़ी ने गुजरात को 5 विकेट से मैच जीता दिया। इस मैच में राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्के की मदद से 40 रन की पारी खेली तो वहीं राशिद खान ने 11 गेंदों पर 4 छक्के लगाकर 31 रन बनाए और आखिरी गेंद पर टीम को जीत दिलाई।



इस मैच में राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्के की मदद से 40 रन की पारी खेली तो वहीं राशिद खान ने 11 गेंदों पर 4 छक्के लगाकर 31 रन बनाए और आखिरी गेंद पर टीम को जीत दिलाई।

## मैच जिताकर बोले राशिद खान- मुझे अपनी बल्लेबाजी पर पूरा भरोसा था

**मुंबई।** आम तौर पर अपनी फिरकी गेंदबाजी से मैच का पासा पलटने वाले अफगानिस्तान के अनुभवी लेग स्पिनर राशिद खान ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर गुजरात टाइटंस को जीत दिलाई और उन्हें खुशी है कि बल्लेबाजी पर की गई मेहनत रंग लाई। गुजरात को आखिरी ओवर में 22 रन की जरूरत थी। राहुल तेवतिया ने पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर एक रन लिया। इसके बाद राशिद ने तीन छक्के जड़े जिसमें आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर ही विजयी रन लिए।

उन्होंने जीत के बाद कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा था और फिटनेस पर भी कि मैं मार सकता हूं। मुझे खुशी है कि सनराइजर्स के खिलाफ ऐसा प्रदर्शन किया। मैंने अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा बनाये रखा क्योंकि पिछले दो साल से इस पर मेहनत कर रहा था। जब आखिरी ओवर में 22 रन बनाने थे तो मैने तेवतिया से कहा कि हमारे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज फर्ग्युसन ने आखिरी ओवर में 25 रन दिए थे और अब हमारी बारी है। एक गेंद खाली जाती है तो घबराना नहीं है और मैच फिनिश करना है।



## डर है नॉकआउट खेलों में हमारी किसमत खराब न हो जाए : हार्दिक पांड्या

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटंस की टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर आ गई है। टीम ने आठ में से सात मुकाबले जीते हैं। हैदराबाद के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में आखिरी ओवर में 22 रन बनाकर जीत हासिल करने के बाद हार्दिक काफी खुश थे। उन्होंने मैच जीतने के बाद कहा कि मैं ड्रेसिंग रूम में मजाक करता रहता हूं कि भगवान हमसे कह रहे हैं कि 'तुम लोग अच्छे हो, मैं तुम्हारी मदद करूंगा'। हार्दिक बोले- यह इतनी बार हो रहा है कि मुझे डर है कि नॉकआउट खेलों में हमारी किस्मत खराब हो सकती है। हमारे ड्रैसिंग रूम में वातावरण ठंडा रहता है। हर कोई कदम बढ़ा रहा है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खिलाडियों को अच्छा समर्थन मिले।वहीं, हार्दिक ने इस दौरान गेंदबाजी न करने पर चुप्पी भी तोड़ी। उन्होंने कहा कि यह मेरी गेंदबाजी का प्रबंधन करने का एक तरीका है। योजना है कि जब भी टीम को मेरी जरूरत होगी, मैं गेंदबाजी करूंगा। यह एक लंबा टूर्नामेंट है और मैं जल्दी उत्साहित नहीं होना चाहता। हम काफी व्यावहारिक हैं, हमने इन परिस्थितियों को जीतने की बात कही है। डगआउट में शांत रहना महत्वपूर्ण है, इसका बहुत सारा श्रेय सपोर्ट स्टाफ को जाता है कि वे खिलाडियों को कैसे संभाल रहे हैं।



## उमरान मलिक की रफ्तार छुड़ा सकती है छक्के, टी-20 विश्व कप में करो इस्तेमाल : सहवाग

**मुंबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज उमरान मलिक की वानखेड़े स्टेडियम में दी गई परफार्मेंस से प्रभावित हो गए हैं। सहवाग ने एक शो के दौरान साफ कहा कि उमरान जिस पेस के साथ गेंदबाजी करते हैं उससे वह टी-20 विश्व कप में विरोधी टीमों के बल्लेबाजों के छक्के छुड़ा सकते हैं। आगामी टी-20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में होना है। ऑस्ट्रेलिया की पिचें वैसे भी तेज गेंदबाजी के लिए अच्छी होती है। उमरान वहां अपने पेस के साथ सफलता हासिल कर सकते हैं।

सहवाग ने कहा कि टी-20 विश्व कप में उमरान का चुनाव करना सिलेक्टर्स का काम है। लेकिन अगर मैं उनकी जगह होता तो मैं यकीनन उन्हें चुनता। आप देख सकते हैं कि ऑस्ट्रेलिया में लंबा प्रोग्राम है। कभी किसी खिलाड़ी को चोट लगती है तो उसकी भरपाई करने के लिए आपको सॉलिड प्लेयर चाहिए होता है। आपके पास बैंच स्ट्रैंथ ऐसी होनी चाहिए जिसे आप सीधे मौका दे सको। वैसे भी उमरान मलिक को अपनी कद का भी फायदा मिलेगा। हम जब खेलते थे हम हमेशा चर्चा करते थे कि सामने शोएब अख्तर है, शेन बॉन्ड है या ब्रेट ली। यह तेज गति से गेंद फेंकेंगे। अब पूरी दुनिया को पता चल चुका है कि उमरान काफी तेज गेंद फैंकते हैं। इसका फायदा उमरान को मिल सकता है।



उमरान मलिक का सीजन में प्रदर्शन
2/39 बनाम राजस्थान
0/39 लखनऊ
0/29 चेन्नई सुपर किंग्स
1/39 बनाम गुजरात
2/27 बनाम कोलकाता
4/28 बनाम पंजाब
1/13 बनाम बेंगलुरु
5/25 बनाम गुजरात

## एशिया कप पुरूष हॉकी में भारत का पहला मुकाबला 23 मई को पाकिस्तान से

**जकार्ता।** गत चैम्पियन भारत का सामना एशिया कप पुरूष हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में 23 मई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। टूर्नामेंट 23 मई से एक जून तक खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान टूर्नामेंट के पहले दिन आखिरी मैच में एक-दूसरे से खेलेंगे। टोक्यो ओलिम्पक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पूल ए में जापान, पाकिस्तान, इंडोनेशिया के साथ रखा गया है।

पूल बी में मलेशिया, कोरिया, ओमान और बांग्लादेश हैं। पाकिस्तान के बाद भारत 24 मई को जापान से खेलेगा। आखिरी पूल मैच में उसे 26 मई को इंडोनेशिया से खेलना है। टूर्नामेंट सुपर4 पूल प्रारूप में खेला जाएगा। हर पूल से शीर्ष 2 टीमें अगले चरण में पहुंचेंगी। फाइनल एक जून को होगा। भारत और पाकिस्तान ने 3-3 बार जबकि दक्षिण कोरिया ने 4 बार एशिया कप जीता है। भारत ने 2003 में कुआलालम्पुर, 2007 में चेन्नई और 2017 में ढाका में खिताब जीते।

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप : साइना जीती, लक्ष्य बाहर

**मनीला (फिलिपीन्स)।** लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने यहां बैडमिंटन एशियाई चैंपयिनशिप में अपना पहला दौर का मैच जीता लेकिन लक्ष्य सेन और बी साई प्रणीत हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। चोट के बाद वापसी कर रही साइना ने दक्षिण कोरिया की सिम यूजिन को 21-15 17-21 21-13 से शिकस्त दी।

विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता लक्ष्य हालांकि चीन के गैरवरीय ली शी फेंग के खिलाफ उलटफेर का शिकार हो गए। पांचवें वरीय भारतीय खिलाड़ी को पुरुष एकल के 56 मिनट तक चले मुकाबले में फेंग के खिलाफ 21-12 10-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी प्रणीत को भी पहले दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ सीधे गेम में 17-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी। आकर्षि कश्यप भी महिला एकल में जापान की शीर्ष वरीय अकाने यामागुची के खिलाफ 15-21 9-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। अश्विनी भट के और शिखा गौतम तथा सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की महिला युगल जोड़ी भी सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

अश्विनी और शिखा को अना चिंग यिक चियोंग और तियोह मेइ शिंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 19-21 12-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि सिमरन और रितिका को पियरी टेन और मुरलीथरन थिन्नाह की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी के खिलाफ 15-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। आज पीवी सिंधू, मालविका बंसोड़ और किदांबी श्रीकांत भी एकल मुकाबलों में उतरेंगे।



## मैक्सवेल की शादी की रिस्पेशन में विराट कोहली ने किया जमकर डांस, वीडियो वायरल

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने हाल ही में भारतीय मूल की विन्नी रमन के साथ शादी की। यह शादी दोनों हिंदू और ईसाई धर्म दोनों रीति-रिवाजों के अनुसार की गई। इस शादी में पारिवारिक सदस्य और करीबी लोग ही मौजूद थे। पर अब मैक्सवेल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को अपनी शादी की पार्टी दी है। जिसमें आरसीबी के सभी खिलाड़ियों ने शिरकत की। पर इस पार्टी में विराट कोहली ने अपने डांस के साथ माहौल बना दिया।

दरअसल मैक्सवेल ने आरसीबी टीम को अपने शादी की पार्टी दी जिसमें टीम से लेकर सभी सपोर्ट स्टाफ शामिल थे। इस पार्टी में विराट कोहली भी दिखाई दिए। इस पार्टी में सभी खिलाड़ी कुर्ता-पयजामा पहन कर आए। वहीं विराट कोहली इस पार्टी में काले रंग का कुर्ता पहने दिखे। पार्टी में सभी खिलाड़ियों ने खूब मस्ती की और जमकर डांस किया। डांस करते हुए की शरफेन रदरफोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। इस वीडियो में विराट कोहली साथी खिलाड़ियों के साथ डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में विराट के डांस मूव देखने वाले हैं। वहीं आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस भी इसमें शामिल थे और वह डांस करते हुए दिखे।



विराट की यह डांस करते हुए की वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। फैंस उनके डांसिंग मूव्स को काफी पंसद कर रहे हैं।

गौर हो कि आईपीएल में आरसीबी की टीम 9 मैचों में 10 अंक के साथ अंक तालिका में 5वें स्थान पर है। टीम का अब तक का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। वहीं विराट कोहली के बल्ले से इस सीजन रन निकलने मुश्किल हो रहे हैं और वह दो बार शून्य पर आउट भी हो चुके हैं।

## फीफा विश्व कप 2022 की आधिकारिक गेंद जारी, देखें पिछले 5 साल में जारी गेंदों के डिजाइन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली = कतर में होने वाले फीफा विश्व कप 2022 में इस्तेमाल होने वाली आधिकारिक मैच गेंद जारी की गई जिसका नाम 'अल रिहला' रखा गया है। 'अल रिहला' का मतलब अरबी भाषा में 'यात्रा' होता है जिसे कतर के ध्वज, वास्तुकला और नौकाओं से प्रेरित होकर बनाया गया है। यह पहली विश्व कप गेंद है जिसे बनाने में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा गया है जिसमें केवल 'वाटर बेस्ड' स्याही (पानी में घुलने वाले रंग) और ग्लू का इस्तेमाल किया गया है। यह किसी भी अन्य विश्व कप गेंद से ज्यादा रफ्तार से आगे बढ़ती है जिसे खेल का सामान बनाने वाली कंपनी एडिडास ने तैयार किया है। त्रिकोणीय डिजाइन वाली विश्व कप गेंद। 2003 महिला विश्व कप में लगभग से ही डिजाइन वाली गेंद इस्तेमाल हुई थी।

**2006 टीमगीस्ट/टीमगीस्ट बर्लिन**

टीमजिस्ट 14-पैनल वाली गेंद है। विश्व कप फाइनल में प्रत्येक मैच की अपनी व्यक्तिगत गेंद थी, जिस पर मैच की तारीख, स्टेडियम और टीम के नाम छपे थे। फाइनल मैच में एक विशेष संस्करण सोने के रंग का टीमजिस्ट बर्लिन का इस्तेमाल किया गया था।

**2010 जबुलानी**

इस बॉल में 8 पैनल हैं। फाइनल मैच के लिए एक विशेष प्रकार का इस्तेमाल किया गया था जिसका नाम था- गोल्ड जो'बुलानी (बाई ओर की तस्वीर)। क्योंकि फाइनल मैच जोहान्सबर्ग में होना था इससे लिए 'जो बर्ग' से प्रेरित इसका नाम रखा गया। गेंद विवादों में भी रही। खिलाडियों और प्रशंसकों ने तर्क दिया कि इसकी मूवमेंट आसामान्य है।

**2014 ब्रेजुका/ब्रेजुका फाइनल रियो**

यह पहली फीफा विश्व कप गेंद है जिसे प्रशंसकों ने नामित किया। गेंद को छह पॉलीयूरेथेन पैनलों से बनाया गया है। अंतिम गेम के लिए एक अलग रंग योजना का उपयोग किया गया था, जिसमें हरा, सोना और काला रंग शामिल था।

**2018 टेलस्टार 18/ टेलस्टार मेक्टा**

2018 विश्व कप समूह चरण के अंत में फीफा ने नॉकआऊट चरण में खेले गए 16 मैचों के लिए उपयोग की जाने वाली एक नई रंग योजना का खुलासा किया- टेलस्टार मेक्टा। मेक्टा का अर्थ रूसी में सपना या महत्वाकांक्षा है।

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने यूक्रेन में संघर्ष को तत्काल समाप्त करने के अपने आह्वान को दोहराया, कहा- समस्या का हल खून बहाकर नहीं हो सकता

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि, आर रवींद्र ने रूस द्वारा की जा रही सैन्य कार्रवाई को तत्काल समाप्त करने के लिए भारत के आह्वान को दोहराया है। उन्होंने यह टिप्पणी यूक्रेन पर सुरक्षा परिषद की Arria-फार्मूला बैठक में की। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन में बिगड़ती स्थिति पर गहराई से चिंतित हैं और हिंसा और शत्रुता को को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता है।

**संघर्ष समस्या का समाधान नहीं-** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का पक्ष रखते हुए रवींद्र ने कहा कि किसी भी समस्या का हल खून बहाकर और मासूमों की जान की कीमत पर नहीं निकाला जा सकता है। भारत का आह्वान दोहराते हुए उन्होंने कहा कि 'हमने संघर्ष की शुरुआत से ही कूटनीति और बातचीत के रास्ते पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया है। हमने बुका में कथित हत्याओं की स्पष्ट रूप से निंदा की है और एक स्वतंत्र जांच के आह्वान के लिए अपना समर्थन वापस ले लिया है।'



**भारत मानव अधिकारों का पक्षकार**

भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव की मास्को और कीव की जारी यात्रा का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'हम मास्को और कीव सहित इस क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र महासचिव की चल रही यात्रा का स्वागत करते हैं। साथ ही यूक्रेन में मानवीय गलियारों पर चर्चा का सकारात्मक रूप से संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि भारत मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा का मसौदा तैयार करने सहित, शुरुआत से ही मानव अधिकारों की रक्षा करने में सबसे आगे रहा है। हम दृढ़ता से मानते हैं कि सभी फैसले उचित प्रक्रिया का सम्मान करते हुए लिए जाने चाहिए।

**यूक्रेन को लेकर एक साथ काम करने की जरूरत**

रवींद्र ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारत रोम संविधि का पक्षकार नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वैश्विक व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और राज्य की संप्रभुता के सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। यूक्रेन में संघर्ष के समाधान की दिशा में संयुक्त राष्ट्र के अंदर और बाहर रचनात्मक रूप से काम करना हमारे सामूहिक हित में है।

## चीनः इंसानों में बर्ड फ्लू का पहला मामला आया सामने, चार साल का बच्चा संक्रमित

**बीजिंग।** बर्ड फ्लू के मामले अभी तक पक्षियों, मुर्गियों व जानवरों में ही सामने आ रहे थे, लेकिन चीन में इंसानों में इसके संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। चीनी स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसकी पुष्टि की गई है। हालांकि, कहा गया है कि अन्य लोगों में इस संक्रमण के फैलने का खतरा कम है।



मिली जानकारी के मुताबिक, हेनान प्रांत में चार साल के बच्चे में पांच अप्रैल को बुखार व अन्य लक्षणों की पुष्टि हुई थी। इसके बाद की गई जांच में उसमें बर्ड फ्लू के H3N8 स्ट्रेन की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग द्वारा बताया गया है कि लड़के के संपर्क में रहने वाले लोगों में संक्रमण नहीं मिला है। जांच में पाया गया कि चार वर्षीय लड़का अपने घर में मुर्गियों और पक्षियों के संपर्क में था। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग द्वारा कहा गया है कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि बर्ड फ्लू के H3N8 स्ट्रेन में इंसानों को प्रभावी ढंग से संक्रमित करने की क्षमता न के बराबर है। ऐसे में बड़े पैमाने पर महामारी के फैलने का जोखिम कम है। विशेषज्ञों के मुताबिक, H3N8 स्ट्रेन अभी तक घोड़ों, कुत्तों, पक्षियों में पाया गया था। लेकिन अभी तक इंसानों में इस वैरिएंट के मिलने की खबर सामने नहीं आई थी।

## कोरोना टीकाकरण के बारे में झूठ बोलने पर भारतीय मूल के दो पुरुषों को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने भारतीय मूल के दो लोगों को तब जेल की सजा सुना दी जब दोनों ने ही अपने टीकाकरण के बारे में झूठी जानकारी दी और एक को लगे टीके का स्टेटस दिखाकर दोनों सिंगापुर के बार में घुसने की कोशिश कर रहे थे।

**बार में एंट्री के लिए बोला झूठ**

एक बार में प्रवेश करने के लिए दोनों ने ही कोरोना टीकाकरण की स्थिति के बारे में झूठ बोलने के मामले में सिंगापुर के एक कोर्ट ने दो भारतीय मूल के पुरुषों को पांच दिन के लिए जेल भेज दिया है। 65 वर्षीय उथेयकुमार नल्लाथम्बी ने बार में प्रवेश करने के लिए 37 वर्षीय रघुबीर सिंह के रूप में अपनी पहचान बदलकर बार में प्रवेश किया था।जिसके बाद इस मामले का खुलासा हुआ। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने बताया कि सिंह ने अदालत को बताया कि उसकी प्रेमिका और वह पिछले साल 9 सितंबर को नल्लाथम्बी से मिले थे। बाद में तीनों शराब पीने के लिए एक द्वीप रिसॉर्ट सेंटोसा गए और वहां से दोनों ने बिकनी बार जाने का फैसला किया क्योंकि वह उनकी पहली पसंद कोस्ट्स बार में जाने की थी लेकिन वहां भीड़ थी।

## पाकिस्तान के नए विदेश मंत्री बने बिलावल भुट्टो जरदारी, अटकलों पर लगा विराम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री पद की शपथ ले ली। देश के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने राष्ट्रपति भवन में एक सादे समारोह में 33 वर्षीय बिलावल को शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। पहले से ही इस बात की अटकलें



लगाई जा रहीं थी कि पाकिस्तान की नई शहबाज सरकार के कैबिनेट में विदेश मंत्री का पद बिलावल भुट्टो को मिलेगा। अटकलें और तेज तब हो गई जब बिलावल ने लंदन जाकर नवाज शरीफ से मुलाकात की थी।उल्लेखनीय है कि करीब एक सप्ताह पहले ही बिलावल ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के सुप्रीमो नवाज शरीफ से लंदन में मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान दोनों ने पाकिस्तान के राजनीतिक हालात पर चर्चा की और प्रतिबद्धता जाहिर की कि राजनीति और राष्ट्रीय हित से संबंधित सभी मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे। दोनों ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि उन्होंने जब भी साथ काम किया है तो बहुत कुछ हासिल किया है। 11 अप्रैल को पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शहबाज शरीफ ने शपथ ली थी। उनकी गठबंधन सरकार में PPP दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। कैबिनेट सदस्यों के शपथ के दौरान बीते मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बेटे बिलावल उपस्थित नहीं थे।

# जर्मन मंत्री का बेबाक बयान- भारत के बिना किसी भी वैश्विक समस्या का समाधान मुश्किल

**जर्मन।** जर्मनी के राज्य मंत्री डॉ. टोबियास लिंडनर ने संघीय विदेश कार्यालय में एक कांफ्रेंस दौरान भारत की खुल कर तारीफ और उसके प्रभाव पर बेबाकी से अपने विचार व्यक्त किए। लिंडनर ने कहा है कि कोई भी बड़ी वैश्विक समस्या भारत के बिना नहीं सुलझाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत जर्मनी का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। डॉ. लिंडनर एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नई दिल्ली आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी प्रौद्योगिकी, शिक्षा, सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और बढ़ाएंगे।

लिंडनर ने कहा, 'हम प्रौद्योगिकी, शिक्षा, सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन में भारत के साथ सहयोग चाहते हैं। किसी भी



बड़ी चुनौती का समाधान भारत के बिना नहीं ढूंढा जा सकता है। भारत एक बहुत महत्वपूर्ण साझेदार है। हम जर्मनी और भारत के बीच और और घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।' लिंडनर ने यह बात ऐसे वक्त में कही है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही जर्मनी का दौरा करने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे की शुरुआत दो मई से होगी। वह जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर दो मई को रवाना होंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री पहले जर्मनी की यात्रा करेंगे, फिर डेनमार्क जाएंगे और चार मई को वापसी के दौरान कुछ समय के लिए पेरिस में रुकेंगे। यहां वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत करेंगे, जिन्होंने हाल ही में फिर से चुनाव जीता है।विदेश मंत्रालय की ओर से साझा किए गए प्रधानमंत्री के यात्रा कार्यक्रम के अनुसार वह जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके साथ ही दोनों नेता भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) के छठे संस्करण की सह अध्यक्षता भी करेंगे।

## अमेरिका ने भारत सहित 7 देशों को बौद्धिक संपदा संरक्षण की निगरानी सूची में रखा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत, चीन, रूस समेत 7 देशों को बौद्धिक संपदा संरक्षण और प्रवर्तन के लिए अपनी वार्षिक 'प्राथमिकता निगरानी सूची' में रखा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय की तरफ से बुधवार को जारी सूची में अर्जेंटीना, चिली, इंडोनेशिया और वेनेजुएला भी शामिल हैं। ये सातों देश पिछले साल भी इस सूची में शामिल थे। अमेरिकी व्यापारिक भागीदारों की बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन की पर्याप्तता और प्रभावशीलता पर 'विशेष 301 रिपोर्ट' में अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने कहा कि सूची में शामिल देश आने वाले वर्ष के दौरान विशेष रूप से गहन द्विपक्षीय रिश्तों का विषय होंगे। अपनी 'स्पेशल 301 रिपोर्ट' में अमेरिकी कारोबार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन टाई ने कहा कि आने वाले वर्ष के दौरान ये देश विशेष रूप से गहन द्विपक्षीय जुड़ाव का विषय होंगे। यह रिपोर्ट अमेरिकी व्यापारिक भागीदारों की बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन की पर्याप्तता और प्रभावशीलता पर आधारित है। यह रिपोर्ट बौद्धिक संपदा की सुरक्षा व प्रवर्तन की वैश्विक स्थिति की वार्षिक समीक्षा है। इस साल की स्पेशल 301 रिपोर्ट के लिए यूएसटीआर ने 100 से ज्यादा कारोबार भागीदारों की समीक्षा की है। वहीं, इस संबंध में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि रूस की ओर से 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला करने की वजह से यूक्रेन की समीक्षा अभी स्थगित कर दी गई है।



# भारत के रूस के साथ संबंध तब से जब अमेरिका उसका साझेदार नहीं था : ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते सामरिक अभिसरण का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने जरूरत के चलते रूस के साथ साझेदारी की थी क्योंकि अमेरिका उस समय भारत के साथ साझेदारी करने की स्थिति में नहीं था। ब्लिंकन ने सांसदों से कहा, '' भारत की बात करें तो, उनके साथ संबंध दशकों पुराने हैं और भारत ने जरूरत के चलते रूस से साझेदारी की थी क्योंकि तब हम एक साझेदार बनने की स्थिति में नहीं थे।'

उन्होंने कहा, '' अब, हम इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। मुझे लगता है कि अमेरिका और भारत के बीच सामरिक अभिसरण बढ़ रहा है।' 'सीनेट एप्रोप्रिएशन सबकमेटी ऑन स्टेट फोरेन ऑपरेशन' की कांग्रेस में सुनवाई के दौरान सांसद विलियम हैगर्टी के एक सवाल के जवाब में ब्लिंकन ने कहा, '' यकीनन, चीन इसका बड़ा हिस्सा है।' हैगर्टी ने भारत और अमेरिकी संबंधों पर



ब्लिंकन को अपने विचार साझा करने को कहा था। हैगर्टी ने कहा, '' जो कुछ हमारे सामने है और जो हम देख रहे हैं उससे मुझे यकीन है कि अल्पावधि के मतभेद में हमें बहुत निराशा होती है और आप हर दिन उससे निपटने की कोशिश करते हैं।

लेकिन दीर्घावधि में, भारत के साथ हमारी जो रणनीतिक साझेदारी है, वह 21वीं सदी में और अधिक अच्छा करने का अवसर प्रदान करती है।' ब्लिंकन ने इसके जवाब में कहा कि वह हैगर्टी की बात से काफी हद तक सहमत हैं। उन्होंने कहा, '' मुझे लगता है कि इस साझेदारी में सबसे महत्वपूर्ण और मूलभूत साझेदारियों में से एक बनने की क्षमता है...'' ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने '' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय नेतृत्व के साथ सीधे जुड़ने के लिए काफी प्रयास किए हैं।' उन्होंने कहा, '' हमने क्वाड

> **ब्लिंकन ने सांसदों से कहा, '' भारत की बात करें तो, उनके साथ संबंध दशकों पुराने हैं और भारत ने जरूरत के चलते रूस से साझेदारी की थी क्योंकि तब हम एक साझेदार बनने की स्थिति में नहीं थे।'**

को बढ़ावा दिया, जो भारत को ऑस्ट्रेलिया, जापान और हमसे जोड़ता है। भारत के साथ विभिन्न मोर्चों पर हमारे सहयोग को मजबूत करने के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण जरिया रहा है।'

## अंतरराष्ट्रीय आलोचना के बाद भी सिंगापुर ने मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को फांसी पर लटकाया

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक अदालत द्वारा सिंगापुर में नशीले पदार्थ के तस्करी के दोषी मलेशियाई व्यक्ति को बीते फांसी दे दी गयी। यह फांसी तब दी गयी जब पूरी दुनिया सिंगापुर के इस फैसले पर उसकी अंतर्राष्ट्रीय आलोचना कर रहा था क्योंकि आरोपित व्यक्ति मानसिक रोगी था। अदालत द्वारा उसकी मां की चुनौती और मानसिक रूप से अक्षम होने के आधार पर उसे बख्शने की अंतरराष्ट्रीय दलीलों को खारिज करने के बाद उसे फांसी की सजा दे दी गयी। 34 वर्षीय नागेंथ्रन धर्मलिंगम को सिंगापुर में कम से कम 42 ग्राम (1.48 औंस) हेरोइन की तस्करी करने का दोषी 2009 में ठहराया गया था। जो दुनिया के सबसे सख्त नशीले पदार्थों के कानूनों में से एक है। नागेंथ्रन के फांसी की सजा को लेकर कोर्ट में कई चुनौतियाँ दी गयीं ताकि नागेंथ्रन को उसके बौद्धिक अक्षमता से ग्रस्त होने के कारण क्षमादान मिल सके लेकिन कोर्ट ने सभी अपील को खारिज कर दिया और बीते बुधवार को उसको फांसी दी गयी। आरोपित नागेंथ्रन के सभी वकील और कार्यकर्ताओं ने कहा है कि नागेंथ्रन का आईक्यू जांच में 69 पाया गया था। यह आईक्यू नंबर एक स्तर निचे है जिसे बौद्धिक अक्षमता के रूप में मान्यता प्राप्त है। लेकिन सिंगापुर के सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि उनकी हरकतें एक जानबूझकर, उद्देश्यपूर्ण और सोची-समझी निर्णय थीं और अदालत के निष्कर्षों को दोहराते हुए कहा कि नागेंथ्रन जनता था कि वह क्या कर रहा है और उसका क्या परिणाम होगा।

# पुतिन की यूक्रेन समर्थक देशों को धमकी- किसी का दखल बर्दाश्त नहीं, परमाणु हमले से देंगे जवाब

**वाशिंगटन** यूक्रेन-रूस के बीच 2 माह से चल रही जंग के बीच दुनिया पर परमाणु हमले का संकट गहराता जा रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूक्रेन का साथ देने वाले पश्चिमी देशों को अप्रत्यक्ष रूप में परमाणु

अनुसंधान केंद्र द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, रूस ने यूक्रेन पर 24 फरवरी को किए हमले के



बाद से जीवाश्म ईंधन के निर्यात से 66.5 अबर डॉलर कमाए हैं। जर्मनी की सरकार ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

**पश्चिमी देश यूक्रेन में टैंक, विमान और अन्य भारी हथियार भेजें: ब्रिटेन**

ब्रिटेन के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि पश्चिमी देशों को यूक्रेन में टैंक, विमान और अन्य भारी हथियार भेजने चाहिए। उसने कहा, ''कार्रवाई न करना सबसे बड़े उकसावे का काम होगा।' नाटो देशों ने यूक्रेन को मिसाइलों और बख्तरबंद वाहनों समेत सैन्य सामान की आपूर्ति की है। लेकिन अभी तक उन्होंने संघर्ष के बढ़ने के डर से लड़ाकू विमानों को भेजने से इनकार किया है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री लिज ट्रूस ने कहा, ''यह साहस दिखाने न कि सतर्कता दिखाने का वक्त है।'

**साइबर हमलों से यूक्रेन में दर्जनों संगठनों के आंकड़ें नष्ट**

सरकार समर्थित रूसी हैकरों के साइबर हमलों से यूक्रेन में दर्जनों संगठनों के आंकड़ें नष्ट हो गए हैं और इससे ''सूचना का एक अराजक माहौल' बना है। माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा।

**दुनिया रूस से तेल तथा गैस का आयात करे बंद**

अमेरिका की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रानहोम ने कहा कि यूक्रेन पर रूस का हमला यह ''चीख चीखकर' कहता है कि दुनिया को रूस से तेल तथा गैस का आयात बंद करना चाहिए और ऊर्जा के अन्य रूपों की तरफ कदम बढ़ाने चाहिए।

**गुतारेस-पुतिन ने की आमने-सामने बैठक**

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उसका मानवीय कार्यालय यूक्रेन के मारियुपोल शहर में इस्पात संयंत्र से नागरिकों को निकालने के जटिल अभियान में समन्वय के लिए दुनियाभर के अनुभवी दल को एकजुट कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को आमने-सामने हुई बैठक में संयंत्र से निकासी में संयुक्त राष्ट्र और इंटरनेशनल कमिटी ऑफ रेड क्रॉस की भागीदारी पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए।

**यूक्रेन ने पुतिन के 200 से अधिक वफादारों पर लगाया प्रतिबंध**

कनाडा सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने यूक्रेन के पूर्वी डोनबास क्षेत्र में रूस के राष्ट्रपति पुतिन के वफादार 200 से अधिक लोगों पर प्रतिबंध लगाया है। रूसी सेना 2014 में क्रीमियाई प्रायद्वीप पर कब्जा करने के बाद से डोनबास इलाकों में आठ वर्षों से अलगाववादी विद्रोहियों का समर्थन कर रही है।

## पाक पीएम शहबाज शरीफ और उनके बेटे हमजा की बढ़ेंगी मुश्किलें, 1400 करोड़ के मनी लान्ड्रिंग मामले में अदालत ने दिया यह आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआइए) की एक विशेष अदालत ने एक आदेश जारी कर कहा है कि वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बेटे और पंजाब के मुख्यमंत्री हमजा शाहबाज पर मनी लान्ड्रिंग मामले में जल्द आरोप तय करने वाला है। स्थानीय मीडिया के अनुसार अदालत को इस महीने की शुरुआत में इस मामले में कथित रूप से शामिल दोनों नेताओं को आरोपित करना था, लेकिन पीएम की अनुपस्थिति के कारण प्रक्रिया में देरी हुई।

**कोर्ट ने 14 मई को तलब किया**-बता दें कि पाक पीएम शहबाज शरीफ को बुधवार को भी कोर्ट के सामने पेश होना था लेकिन वह पेश नहीं हुए, जिसके बाद कोर्ट ने अपने लिखित आदेश में उन्हें और हमजा शाहबाज समेत अन्य सभी संदिग्धों को 14 मई को तलब किया है। कोर्ट ने कहा



है कि वह अगली सुनवाई पर दोनों नेताओं पर आरोप तय करेंगे। गौरतलब है कि यह तब हुआ जब शहबाज शरीफ के वकील ने पहले अदालत से प्रधानमंत्री के कैबिनेट बैठक में व्यस्त होने का हवाला देते हुए सुनवाई में ना बात कही थी और इसके बाद अदालत ने सुनवाई 14 मई के लिए टाल दी थी।

**1400 करोड़ की बेनामी संपत्ति का है मामला**

शहबाज और उनके बेटे पर यह मामला 1400 करोड़ की बेनामी संपत्ति को लेकर चल रहा है। बता दें कि शहबाज और उनके बेटों हमजा और सुलेमान के खिलाफ यह मामला नवंबर 2020 से चल रहा है और इसमें एफआइए ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और एंटी मनी लान्ड्रिंग अधिनियम की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया हुआ है। शहबाज के एक बेटे सुलेमान अभी फरार है और उनके ब्रिटेन भागने का शक है।

# टोक्यो में क्वाड शिखर सम्मेलन अगले माह, मोदी-बाइडेन की होगी मुलाकात

**टोक्यो/वाशिंगटन।** अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच संवाद सेतु बने क्वाड्रीलेटरल सेक्योरिटी डॉयलाग (क्वाड) का शिखर सम्मेलन अगले माह जापान की राजधानी टोक्यो में होगा। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मुलाकात भी होगी।

क्वाड शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान की प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो भी हिस्सा लेंगी। जापान में इस शिखर सम्मेलन की तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रह है। अमेरिकी राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगले महीने जापान की यात्रा करेंगे।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।